सूचना अधिकार अधिनियम, 2005
के अंतर्गत

सूचना पुस्तिका

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

सूचना पुस्तिका

(सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 (I) (ख) के अंतर्गत)

विषय सूची

अध्याय	नियम पुस्तिका सं0	संरचना	पृष्ठ सं0
1		पुस्तिका परिचय	
2	1	संगठन, कृत्य और कर्त्तव्यों का विवरण	
3	2	अधिकारियों और कर्मचारियों की शक्तियां और कर्त्तव्य	
4	3	कृत्य निर्वहन के नियम, विनियम, अनुदेश, मैनुअल तथा अभिलेख	
5	4	नीति बनाने या उसके कार्यान्वयन के संबंध में जन-साधारण के साथ परामर्श करने या प्रतिनिधित्व के लिए विद्यमान व्यवस्था का विवरण	
6	5	इसके द्वारा धारित या इसके नियंत्रणाधीन दस्तावेजों की श्रेणियां का विवरण	
7	6	इसके भाग के रूप में गठित बोर्डों, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों का विवरण	
8	7	जन सूचना अधिकारियों के नाम, पदनाम और अन्य विवरण	
9	8	निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनाई जाने वाली क्रियाविधि	
10	9	अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निदेशिका	
11	10	प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी द्वारा प्राप्त मासिक पारिश्रमिक	
12	11	प्रत्येक एजेंसी के लिए आबंटित बजट	
13	12	सहायक कार्यक्रमों के निष्पादन का तरीका	
14	13	इसके द्वारा स्वीकृत रियायतों, परमिटों या प्राधिकार की प्रतियों का ब्यौरा	
15	14	कार्य निष्पादन हेतु निर्धारित मानदंड	
16	15	इलेक्ट्रानिक रूप में उपलब्ध सूचना	
17	16	सूचना प्राप्ति हेतु नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विवरण	
18	17	अन्य उपयोगी सूचनाएं	

प्रत्याख्यान

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत तैयार किए गए सत्रह नियम पुस्तिकाओं में समाविष्ट इस सूचना पुस्तिका को प्रामाणिक बनाने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं, फिर भी सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय इस पुस्तिका में उपलब्ध कराई गई किसी सूचना में कमियों, त्रुटियों अथवा अशुद्धियों से किसी व्यक्ति को होने वाली हानि के लिए उत्तरदायी नहीं है । किसी भी विसंगति को सुधारने अथवा संशोधित करने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की सूचना में लाया जाना चाहिए ।

अध्याय - 1

पुस्तिका-परिचय

1.1 पृष्ठभूमि

लोकतंत्र में नागरिकों की जागरूकता और सूचना की पारदर्शिता अपेक्षित है, जो कि इसके कार्यकरण और भ्रष्टाचार रोकने तथा सरकार और इसके निकायों को जनता के प्रति जिम्मेवार बनाने के लिए महत्वपूर्ण है । वास्तव में सूचना के उद्‌घाटन का सरकार के कार्यकुशल कार्यकरण, सीमित वित्तीय संसाधनों के इष्टतम उपयोग और संवेदनशील सूचना की गोपनीयता के संरक्षण का अन्य जनहितों के साथ टकराव होने की संभावना होती है । इसलिए लोकतांत्रिक आदर्श की सर्वोच्चता को बनाए रखते हुए इन परस्पर-विरोधी हितों में तालमेल करना आवश्यक है । इसलिए संसद ने 'सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005' नामक विधान अधिनियमित किया है, जिसे 15 जून, 2005 को भारत के राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई । इस पुस्तिका का प्रकाशन उक्त अधिनियम की धारा 4 (1) (ख) के अंतर्गत वर्णित अनुबंधों के अनुसरण में किया गया है ।

1.2 लक्ष्य/उद्देश्य

सार्वजनिक प्राधिकार की संकल्पना जो जिम्मेदार प्रशासन से संबंधित 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारंभिक स्तर पर है । शिकायतों का निपटान करने के लिए केन्द्रीय सरकार के अधीन सभी प्रतिष्ठानों में शिकायत निवारण तंत्र की शुरूआत की गई है । इस पुस्तिका का उद्देश्य सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और इसके एककों/कार्यालयों की सूचना आम जनता को प्रदान करना है, ताकि वे इस मंत्रालय की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें ।

1.3 भावी उपयोगकर्त्ता कौन हैं ?

भारत संघ के सभी नागरिक ।

1.4 सूचना की प्रकृति/वर्ग

कार्यान्वयनाधीन योजनाएं, संगठनात्मक संरचना, प्राधिकारी का स्तर, उनकी शक्तियां और कर्त्तव्य/कार्यकलाप और इससे संबंधित अन्य संगत मामलों को, जिनमें एक आम आदमी की रुचि हो सकती है, इस पुस्तिका में शामिल किया गया है ।

1.5 उपयोग की गई विभिन्न प्रकार की शब्दावली की परिभाषा

इस पुस्तिका में उपयोग किए गए शब्दों/मुहावरों/अभिव्यंजनाओं को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में प्रयुक्त ऐसे ही सदृश अभिव्यंजनाओं के संदर्भ में उनके व्याकरणात्मक और सजातीय रूपान्तर में बनाया गया है ।

1.6 यदि कोई व्यक्ति अन्य सूचना के साथ-साथ पुस्तिका में कवर किए गए विषयों पर भी और अधिक सूचना प्राप्त करना चाहता है तो संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति

इस पुस्तिका के मैनुअल-7 में यथा - उल्लिखित जन संपर्क अधिकारी । इसके अतिरिक्त, सूचना भूतल 'ए' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली - 110001 स्थित (स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, शास्त्री भवन शाखा के पास) सूचना और सुविधा काउंटर से भी प्राप्त की जा सकती है ।

1.7 पुस्तिका में अनुपलब्ध सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया और शुल्क संरचना

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत कोई भी सूचना पाने का इच्छुक व्यक्ति अंग्रेजी अथवा हिन्दी में लिखित या इलैक्ट्रानिक माध्यम से यथानिर्धारित शुल्क देने पर संबंधित जनसंपर्क अधिकारी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली से संपर्क कर सकता है । लिखित में अनुरोध न किए जाने के मामले में जनसंपर्क अधिकारी मौखिक अनुरोध को लिखित में बदल देगा ।

अध्याय - 2

नियम पुस्तिका-1

संगठन, कृत्य और कर्त्तव्यों का विवरण

धारा { 4(1) (ख) (i)}

2.1 लोक अधिकारी का लक्ष्य/उद्देश्य

भारत का संविधान अपनी उद्देशिका में देश के सभी समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति,विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है । अनुच्छेद 15 (4) में, सामाजिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के संबंध में विशेष रूप से उल्लेख है । ऐतिहासिक सामाजिक वास्तविकता से यह पुष्टि होती है कि ये वर्ग शैक्षिक विकास तथा सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के समग्र परिप्रेक्ष्य में न्याय पाने के सुपात्र हैं । अन्य अलाभान्वित/भेदभाव किए जाने वाले वर्ग हैं- विकलांगजन, देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चे, वृद्धजन, नशीले पदार्थों के व्यसनी आदि । यह मंत्रालय उपर्युक्त विनिदिष्ट लक्षित वर्गों के विकास और कल्याण के प्रति वचनबद्ध है ।

2.2 लोक प्राधिकारी का मिशन/विजन विवरण

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय लक्षित वर्गों के कल्याण, उत्थान और सशक्तिकरण के लिए वचनबद्ध है । यह अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, विकलांगों, देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों, वृद्धजन, नशीले पदार्थों के व्यसनियों आदि का सामाजिक उत्थान सुनिश्चित करने के लिए सततरूप से प्रयासरत है । यह मंत्रालय एक ऐसे " समावेशी समाज " का निर्माण करने के लिए प्रयासरत है, जिसमें लक्षित वर्ग को वैसा नहीं देखा जाना चाहिए जिन पर दया दिखाने की जरूरत है बल्कि वे इस महान राष्ट्र के सामाजिक रूप से मान्यता प्राप्त व्यक्ति हैं ।

2.3 लोक प्राधिकारी का संक्षिप्त इतिहास और इसका गठन

वर्ष 1985-86 में, पूर्व समाज कल्याण मंत्रालय को महिला और बाल विकास विभाग तथा कल्याण विभाग के बीच विभक्त किया गया था । साथ ही, गृह मंत्रालय से अनुसूचित जाति विकास प्रभाग, जनजाति विकास प्रभाग और अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रभाग तथा विधि मंत्रालय से भी वक्फ प्रभाग को हटाकर तत्कालीन कल्याण मंत्रालय बनाया गया था ।

इसके बाद मई, 1998 में इस मंत्रालय का नाम बदलकर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय कर दिया गया था । इसके अतिरिक्त, अक्तूबर, 1999 में, इस मंत्रालय से जनजातीय कार्य प्रभाग को हटाकर एक पृथक जनजातीय कार्य मंत्रालय बनाया गया था ।

2.4 लोक प्राधिकारी के कर्त्तव्यः

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का उद्देश्य लक्षित वर्गों के व्यक्तियों को सशक्त बनाना हैं जो या तो ऐतिहासिक रूप से समाज के हासिए पर पर रहे हैं अथवा विभिन्न सामाजिक आर्थिक ताकतों के कारण उपेक्षित रहने के खतरे में हैं क्योंकि देश कृषि आधारित अर्थव्यस्था से औद्योगिक अर्थ व्ययस्था की ओर अग्रसर है ।

2.5 लोक प्राधिकारी के मुख्य कार्यकलापः

सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नोडल मंत्रालय होने के कारण, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय इन वर्गों के विकास और कल्याण के प्रति वचनबद्ध है । यह ऐसे लक्षित वर्गों की समग्र देखभाल सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अन्य मंत्रालयों के कार्यकलापों में समन्वय भी करता है ।

2.6 लोक प्राधिकारी द्वारा इन वर्गों के संबंध में संक्षिप्त उल्लेख के साथ प्रदान की जा रही सेवाओं की सूची

प्रशासन प्रभाग

स्थापना

नोडल मंत्रालय अर्थात् कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा ऐसे मामलों के लिए बनाए गए नियमों तथा विनियमों के अनुसार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के कर्मचारियों के सेवा मामलों को देखता है ।

सामान्य अनुभाग

इसके अतिरिक्त, सामान्य अनुभाग कर्मचारियों के शासकीय उपयोग के लिए अपेक्षित विभिन्न सेवाएं और वस्तुएं प्रदान करता है और कर्मचारियों का कल्याणकारी कार्य भी देखता है ।

समन्वय प्रभाग

(1) निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए कल्याण मंत्री जी की विवेक निधि से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैः

(क) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों का कल्याण, विकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग तथा मद्यपान के पीड़ितों, निराश्रित तथा अनाथ बच्चों, वृद्ध और कोई अन्य जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आते हों, के लिए उपयोगी कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को ।

(ख) पिछली परीक्षा में उच्च प्रतिशत अंक पाने वाले आपवादिक रूप से प्रतिभावन छात्रों की शिक्षा के लिए जो या तो शारीरिक रूप से विकलांग हो अथवा जिनके माता-पिता जीवित नहीं हों या जिनके माता पिता की मासिक आय 2000 रुपए से अधिक न हो ।

(ग) चिकित्सा उपचार या कोई अन्य को आय व पुरानी बीमारी अथवा विकलांग व्यक्ति के पुनर्वास के लिए, जहां व्यक्तियों/परिवारों की मासिक आय 2000 रुपए से अधिक न हों, उपरोक्त (क) में विनिर्दिष्ट श्रेणियों के व्यक्ति/परिवार ।

(II) उपर्युक्त के अतिरिक्त, समन्वय प्रभाग द्वारा एक नागरिक चार्टर तैयार किया गया है, जिसमें मंत्रालय के मिशन, कलाइन्टस, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों /गैर सरकारी संगठनों के साथ भागीदारी, मानकों, आर्थिक सशक्तिकरण को सुसाध्य बनाने वाले और राज्यों एवं गैर सरकारी संगठनों के साथ सम्पर्क की प्रक्रिया में सुधार के कदम उठाने के बारे में सूचना दी गयी है ।

मीडिया एकक

निम्नलिखित माध्यमों के जरिए मंत्रालय की योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में जनता को जानकारी देनाः

(क) इलेक्ट्रानिक मीडिया

(1) टेलीविजन (2) रेडियो, (3) इन्टरनेट आदि ।

(ख) प्रिंट मीडिया

(1) समाचार - पत्र (2) पुस्तिका (3) फोल्डर्स

(ग) बाह्य मीडिया

(1) प्रर्दशनी (2) एनिमेशन बोर्ड (3) होर्डिंग्स, (4) बस के बगल/पीछे पैनल (5) सार्वजनिक उपयोग के सेवा के स्थान आदि ।

विकलांगता ब्यूरोः

(क) दीनदयाल विकलांगजन पुनर्वास योजना

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से दीनदयाल विकलांगजन पुनर्वास योजना कार्यान्वित कर रहा है । पूर्व में इसका नाम विकलांग व्यक्तियों के लिए स्वैच्छिक कार्रवाई को प्रोत्साहन करने की योजना था । इस योजना का उद्देश्य शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, समुदाय आधारित पुनर्वास आदि जैसे क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के कल्याण के लिए स्वैच्छिक कार्रवाई को प्रोत्साहन देना है ।

दीनदयाल विकलांगजन पुनर्वास योजना के अंतर्गत वित्त-पोषित मुख्य परियोजनाएं हैः

1. व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र;
2. परिरक्षित कार्यशालाएं;
3. मानसिक विकलांग, श्रवण और वाणी विकलांग और दृष्टि विकलांगों के लिए विशेष स्कूल;
4. स्कूल-पूर्व और शीघ्र उपचार परियोजनाएं;
5. प्रमस्तिष्क अंगघात ग्रस्त बच्चों के लिए परियोजनाएं ;
6. गृह आधारित पुनर्वास कार्यक्रम;
7. कुष्ठ रोग मुक्त व्यक्तियों के पुनर्वास की परियोजनाएं;
8. समुदाय आधारित पुनर्वास की परियोजनाएं;
9. मानव संसाधन विकास की परियोजनाएं;
10. उपचारित तथा नियंत्रित मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के मनोवैज्ञानिक पुनर्वास के हाफ वे होम; और
11. ब्रेल प्रेस की परियोजनाएं ।

इस योजना के अंतर्गत, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित के लिए सहायता दी जाती हैः

1. व्यावसायिक मानव संसाधन कार्मिकों के लिए मानदेय;
2. परिवहन;
3. वृत्तिका/होस्टल रखरखाव;
4. कच्चे माल की लागत;

5. टेलीफोन, लेखन-सामग्री, औषधि, कार्याल्य व्यय, बिजली और पानी प्रभार, उपकरण और उनका रखरखाव पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए व्यय;
6. किराया; और
7. फर्नीचर, उपकरणों आदि पर अनावर्ती व्यय ।

वित्त पोषण की पद्धतिः निर्धारित लागत मानदंड के आधार पर, परियोजना की बजटीय राशि का 90% अनुदान के रूप में प्रदान किया जाता है । अनुदान दो किस्तों में दिया जाता है । प्रथम किस्त तदर्थ आधार पर जारी की जाती है जो पिछले वर्ष के आवर्ती अनुदान की 50% होती है । दूसरी किस्त, निरीक्षण रिपोर्ट सहित राज्य सरकार की सिफारिश प्राप्त होने के बाद, जारी की जाती है ।

सहायता अनुदान के लिए आवेदनः सहायता अनुदान के लिए आवेदन निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होता है । उसके साथ, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किये जाने चाहिएः

(क) संपरीक्षित लेखा;
(ख) उपयोगित प्रमाणपत्र;
(ग) लाभार्थियों की सूची;
(घ) कर्मचारियों की शैक्षिक/विशेष शैक्षिक अर्हताओं तथा अनुभव के साथ सूची; और
(ड.) प्रबंधन समिति के सदस्यों, संगम ज्ञान एवं संगम अनुच्छेदों की सूची ।

अधिक जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice.nic.in देंखे ।

(ख) राष्ट्रीय विकलांगजन कल्याण कोष

भारत सरकार से एक लाख रुपए के सांकेतिक अंशदान के साथ वर्तमान में ज्ञात " विकलांग व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय कोष" का सृजन 11.8.1983 को किया गया था । इसके अतिरिक्त, 26.5.1989 को जवाहरलाल नेहरु शताब्दी समारोह की कार्यान्वयन समिति से 2.5 करोड़ रुपए का अंशदान प्राप्त हुआ था । समय-समय पर इन अंशदानों का निवेश किया गया है । वर्तमान में, 2002-03 से इस कोष से विकलांग व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की एक योजना कार्यान्वित की जा रही है । इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 500 नई छात्रवृत्तियां (250 छात्रों के लिए 250 छात्राओं के लिए) मैट्रिकोत्तर व्यावसायिक तथा तकनीकी पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए

प्रदान की जाती है । इस योजना में, हाल के संशोधन के माध्यम से, प्रमस्तिष्क अंगघात, मानसिक मंदता, मानसिक विकलांगता तथा अत्यंत या गंभीर श्रवण विकलांगताग्रस्त छात्रों के लिए नौवीं कक्षा से आगे अध्ययन करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान किया गया है ।

अधिक जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice.nic.in देंखे ।

(ग) राष्ट्रीय विकलांगता पुरस्कारः 1969 से प्रत्येक वर्ष प्रदान किया जाता है ।

यह पुरस्कार विकलांग व्यक्तियों और ऐसे व्यक्तियों तथा संगठनों, जो उनके कल्याण के लिए कार्यरत हैं, की उपलब्धियों को मान्यता देता है । वर्ष 1995 से प्रत्येक वर्ष 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया जाता है और उसी दिन राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं । राष्ट्रीय पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों जैसे कर्मचारी, नियोक्ता, रोल माडल्स, स्थापन अधिकारी, प्रौद्यागिकीय नवाचार और दक्षता आदि को प्रदान किए जाते हैं ।

अधिक जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice.nic.in देंखे ।

(घ) ऑटिज्म, प्रमस्तिष्क अंगघात, मानसिक मंदता तथा बहु-विकलांगताग्रस्त व्यक्ति कल्याणार्थ राष्ट्रीय न्यास

100 करोड़ रुपए का कार्पस के साथ राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के अंतर्गत राष्ट्रीय न्यास का गठन किया गया है । न्यास द्वारा योजनाओं का कार्यान्वयन के लिए कारपस पर अर्जित ब्याज का उपयोग किया जाता है । मानसिक मंदता वाले व्यक्तियों को पुनर्वास सेवा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय न्यास के पास चार योजनाएं हैं । संक्षेप में योजनाएं इस प्रकार हैं:

1. **पहुंच तथा राहत योजना** - ऑटिज्म, प्रमस्तिष्क अंगघात , मानसिक मंदता तथा बहुविकलांगता ग्रस्त व्यक्तियों के लिए सांस्थनिक देखभाल करने की ओर लक्षित। 2005-06 के बाद इस योजना को संशोधित कर दिया गया है तथा इसका नाम बदलकर कार्यान्वयन के लिए समर्थ - केन्द्र आधारित सेवा योजना कर किया गया है;

2. **समुदाय आधारित सेवा प्रदाता प्रशिक्षण योजना** - इन चारों प्रकार की विकलांगताओं से ग्रस्त व्यक्तियों को घर पर देखभाल की सुविधा देना इसका उद्देश्य है ;
3. **राज्य नोडल एजेंसी केन्द्र योजना** - इन चारों प्रकार की विकलांताओं पर व्यावसायिकों, माता-पिता और भाई-बहन गृह आधारित देखभाल सेवाएं प्रदान करने का उद्देश्य है; और
4. **समर्थित संरक्षकता योजना** - इस योजना के अंतर्गत, एक जिले में ऐसे 10 व्यक्तियों को वित्तीय सहायता दी जाती है जो गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों या निराश्रित विकलांग व्यक्तियों के कानूनी अभिभावक होते हैं । यह योजना 75 चुनिन्दा जिलों में कार्यान्वित की जा रही है ।

अधिक जानकारी के लिए संगठन की वेबसाइट http://www.National trust.org देंखे ।

(ड.) राष्ट्रीय विकलांग वित्त और विकास निगम का गठनः

विकलांग व्यक्तियों के आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से, लाभ न कमाने वाली कम्पनी के रूप में कम्पनी अधिनियम की धारा 25 के अंतर्गत 1997 में किया गया था । यह निगम स्वरोजगार कामधन्धे शुरू करने के लिए रियायती वित्त प्रदान कर रहा है । यह निगम तकनीकी और उद्यमिता कौशल उन्नयन में लाभार्थियों को सहायता भी दे रहा है ।

अधिक जानकारी के लिए संगठन की वेबसाइट http://www.nhfdc.org देंखे ।

(च) राष्ट्रीय दृष्टिबाधितार्थ संस्थान, देहरादून

पहले यह राष्ट्रीय दृष्टिहीन केन्द्र था । बाद में इसे वर्ष 1979 में राष्ट्रीय संस्थान बना दिया गया । इसे सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत अक्तूबर, 1982 में पंजीकृत किया गया था । यह एक स्वायत्त निकाय है और दृष्टि विकलांगता के क्षेत्र में यह अग्रणी संस्थानों में है ।

संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं :

- दृष्टि विकलांगों की शिक्षा और पुनर्वास के सभी पहलुओं में अनुसंधान करना, अनुसंधान प्रायोजित करना, समन्वित करना और अनुसंधान में सहायता देना ।
- जैव चिकित्सा इंजिनियरी में अनुसंधान करना या प्रायोजित करना जिससे कि सहायक यंत्रों या उपयुक्त शल्य या चिकित्सा प्रक्रिया अथवा नए सहायक यंत्रों के विकास का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सकेगा ।
- मानव संसाधन विकास - शिक्षकों, नियोजन अधिकारियों, व्यावसायिक परामर्शदाताओं आदि का प्रशिक्षण ।
- प्रोटोटाइप उत्पाद को वितरित, प्रोत्साहित करना या सहायता देना और किसी या सभी सहायक यंत्र डिजाइन वितरण की व्यवस्था करना ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट whttp://nivh.org देंखे ।

(छ) विकलांगजन संस्थान, नई दिल्ली

इस संस्थान की स्थापना 1983 में की गयी है । यह सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है और एक स्वायत्त निकाय है ।

संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं:

- व्यावसायिक मानव संसाधन विकास
- पुनर्वास सेवाएं
- अनुसंधान और विकास
- सूचना का प्रसार

अधिक जानकारी के लिए कृपया whttp://www.iphnewdelhi.in देंखे ।

(ज) राष्ट्रीय श्रवण विकलांग संस्थान, मुम्बई

इस संस्थान की स्थापना अगस्त,1983 में की गई थी । यह सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी है तथा यह एक स्वायत्त निकाय है ।

संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं

- श्रवण विकलांग व्यक्तियों की शिक्षा और पुनर्वास के सभी पहलुओं में अनुसंधान करना, अनुसंधान प्रायोजित करना, समन्वित करना एवं अनुसंधान में आर्थिक सहायता देना।
- जैव चिकित्सा इंजीनिरिंग में सहायक यंत्रों या उपयुक्त शल्य चिकित्सा प्रक्रिया या नए सहायक यंत्रों को विकसित करने के लिए प्रभावी मूल्यांकन किया जा सकेगा ।
- प्रशिक्षार्थियों और शिक्षकों, नियोजन अधिकारियों, व्यावसायिक परामर्शदाताओं आदि का प्रशिक्षण प्रायोजित करना ।
- प्रोटोटाइप उत्पाद वितरित अथवा प्रोत्साहित करना और श्रवण विकलांग व्यक्तियों की शिक्षा, पुनर्वास और उपचार के किसी पहलू को बढ़ावा देने के लिए कोई या सभी सहायक यंत्रों की डिजाइन का वितरण ।

(झ) राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान, सिकन्दराबाद

इस संस्थान की स्थापना फरवरी, 1984 में की गई थी । इसे सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत किया गया । यह एक स्वायत निकाय है और मानसिक मंदता के क्षेत्र में कार्य कर रहा है ।

संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं

- चिकित्सा देखरेख और पुनर्वास के लिए माडल विकसित करना;
- व्यावसायिक मानव संसाधन विकास;
- गैर सरकारी संगठनों को परामर्शी सेवा;
- अनुसंधान और विकास;
- प्रलेखन और प्रसार; और
- आऊटरीच कार्यक्रमों का विस्तार ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया http://www.nimhindia.org देंखे ।

(ञ) **राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, कटक**

यह संस्थान राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक और आर्थोटिक्स और एलिम्को की सहायक यूनिट के रूप में 1975 में स्थापित किया गया था । यह 22 फरवरी, 1984 में कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आया था । इसे सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत किया गया था । यह एक स्वायत्त निकाय है और विकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास के क्षेत्र में, देश के शीर्ष संस्थानों में से है ।

संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं

- व्यावसायिक मानव संसाधन विकास;
- तकनीकी कार्मिक जैसे डाक्टरों, इंजिनियरों, प्रोस्थेटिस्टों, भौतिक चिकित्सकों तथा व्यावसायिक चिकित्सकों का प्रशिक्षण;
- चलन सहायक यंत्रों के प्रभावी मूल्यांकन के लिए, जैव यांत्रिकी इंजीनियरी में अनुसंधान करना, अनुसंधान प्रायोजित करना, समन्वित करना और अनुसंधान में आर्थिक सहायता देना;
- पोटोटाइप डिजाइन सहायक यंत्रों के उत्पादन को प्रोत्साहित, वितरण और आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए सहायक यंत्र तथा उपकरण;
- सेवा प्रदाय कार्यक्रम;
- पुनर्वास के लिए सेवा प्रदाय कार्यक्रमों के मॉडल विकसित करना;
- विकलांगों के व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्थापन और पुनर्वास करने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण ; और
- भारत तथा विदेश में पुनर्वास पर जानकारी का आदान-प्रदान और उसका प्रसार करने की जानकारी ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया http://www.nirtar.nic.in देंखे ।

(ट) राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान, कोलकाताः

इस संस्थान की स्थापना 1978 में की गई थी । यह सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत स्वायत्त निकाय है । यह चलन विकलांगता के क्षेत्र में एक शीर्ष संस्थान है ।

संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं हैः

- अस्थि विकलांगों को सेवाएं प्रदान करने के लिए व्यावसायिक जनशक्ति विकसित करने हेतु मानव संसाधन विकास । भौतिक चिकित्सकों, व्यावसायिक चिकित्सकों, और्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक तकनीशियनों का प्रशिक्षण;
- विकलांग व्यक्तियों को पुनर्वास, शल्य क्रिया द्वारा रोग से पहले स्थिति में लाने सहायक यंत्र और उपकरणों तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करना;
- अस्थि विकलांगों के पुनर्वास से संबंधित सभी पहलुओं पर अनुसंधान करना और अनुसंधान प्रायोजित करना;
- सहायक यंत्रों और उपकरणों को मानकीकृत करना और उत्पादन एवं वितरण को प्रोत्साहित करना ; और
- परामर्शी सेवाएं प्रदान करना ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया /www.niohonline.org देंखे ।

(ठ) राष्ट्रीय बहु विकलांग व्यक्ति सशक्तिकरण संस्थान, चेन्नै

बहु विकलांगताग्रस्त व्यक्तियों तक पहुंचने के उद्देश्य से, मंत्रिमंडल ने 29.3.2005 को हुई बैठक में चेन्नई में राष्ट्रीय बहु विकलांग व्यक्ति सशक्तिकरण संस्थान स्थापित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया था ।

संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं हैं:

(क) बहु विकलांगताग्रस्त व्यक्तियों के प्रबंधन, प्रशिक्षण, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक विकास के लिए व्यावसायिक मानव संसाधन विकास करना ।

(ख) बहु विकलांगता से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान करना तथा उसे बढ़ावा देना था । बहु विकलांगताग्रस्त व्यक्तियों के विविध वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सामाजिक पुनर्वास हेतु ट्रांस-डिसिप्लिनरी माडल तथा नीतियां विकसित करना ।

माननीया राज्य मंत्री (सामाजिक न्याय और अधिकारिता) द्वारा 8 जुलाई, 2005 को संस्थान में सेवाओं का उदघाटन किया गया

(ड) संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र

" संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र " स्थापित करने की योजना विकलांग व्यक्तियों तक पहुंचने की समग्र नीति का एक भाग है तथा अपेक्षित अवसंरचना के सृजन को सुसाध्य बनाना है । संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र ऐसे स्थानों पर स्थित हैं, जहां लक्षित वर्गों के लिए व्यापक सेवाएं प्रदान करने के लिए मौजूदा आधारभूत संरचना अपर्याप्त है और जहां ऐसे केन्द्रों की अत्यंत आवश्यकता है ।

केन्द्रों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं :

- व्यावसायिक मानव संसाधन विकास;
- पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना;
- प्रलेखन और प्रसार; और
- परामर्शी तथा अन्य संगठनों के साथ नेटवर्क ।

अवस्थिति और सम्बद्धता

संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र, गुवाहाटी - निरतार; संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र, श्रीनगर - राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान; संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ - विकलांग संस्थान; संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र, सुन्दरनगर - राष्ट्रीय दृष्टिबाधितार्थ संस्थान; राष्ट्रीय क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल - राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान ।

वर्ष 2000-01 के दौरान, सभी संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्रों ने काम करना शुरू कर दिया था ।

(ढ़) भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम की स्थापना भारत सरकार द्वारा कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अधीन 1972 में की गयी थी । इसका उद्देश्य देश के जरूरतमंद विकलांग व्यक्तियों के लिए उचित लागत पर स्तरीय कृत्रिम अंगों, संघटकों व पुनर्वास सहायक यंत्रों के निर्माण हेतु तथा इन कृत्रिम अंगों, संघटकों और पुनर्वास सहायक यंत्रों की उपलब्धता, उपयोग, आपूर्ति और वितरण को अभिप्रेरित, संवर्धित विकसित करके विकलांग व्यक्तियों को लाभान्वित करना है ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http:/www.artlimbs.com देखें ।

(ण) सहायक यंत्र और उपकरण खरीदने/लगाने के लिए विकलांग व्यक्तियों की सहायता योजना (एडिप)

सहायक यंत्र और उपकरणों को खरीदने/लगाने के लिए विकलांग व्यक्तियों को सहायता की योजना के अंतर्गत कार्यान्वयन एजेंसियों को सहायता अनुदान दिया जाता है । इस योजना के अंतर्गत सरकारी संगठनों, गैर सरकारी संगठनों जैसी कार्यान्वयन एजेंसियों को विकलांग व्यक्तियों को सहायक यंत्रों के वितरण हेतु निधि प्रदान की जाती है । विकलांग व्यक्तियों को सहायक यंत्र/उपकरण खरीदने/लगाने हेतु सहायता योजना का पूरा ब्यौरा मंत्रालय की वेबसाइट पर दिया गया है ।

(त) भारतीय मेरुदंड क्षति केन्द्र, नई दिल्ली

भारतीय मेरुदंड क्षति केन्द्र की स्थापना 1983 में भारत-इटली सह-सहयोग के अंतर्गत हुई है । भारत सरकार ने भूमि प्रदान करने के अतिरिक्त, अस्पताल की पूरी निर्माण लागत वहन की है । इटली की सरकार ने सभी उपकरण उपलब्ध कराए हैं । भारत सरकार ने गरीब रोगियों के लिए 25 बिस्तरों की लागत की भी प्रतिपूर्ति की है ।

उद्देश्यः

संगठन का मुख्य उद्देश्य मेरुदंड क्षति के रोगियों हेतु व्यापक पुनर्वास के तरीकों को प्रोत्साहन देना हैः

(1) इस लक्ष्य हेतु जन जागृति लाना;
(2) इस तरह के रोगियों को बचाने के लिए आवश्यक जनशक्ति का विकास करने हेतु चिकित्सा कर्मियों को अभिविन्यास और गैर चिकित्सा कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना; और
(3) ऐसे रोगियों के बहु-आयामी पहलुओं में अनुसंधान करना ।

विस्तृत ब्यौरे के लिए कृपया वेबसाइट www.isiconline.org पर देंखे ।

(थ) क्षेत्रीय मेरुदंड क्षति केन्द्र

मेरुदंड क्षतिग्रस्त व्यक्तियों के लिए चार क्षेत्रीय पुनर्वास केन्द्र जबलपुर, मोहाली, कटक और बरेली में स्थापित किए गए हैं । ये केन्द्र मेरुदंड क्षतिग्रस्त रोगियों को विशिष्टकृत पुनर्वास प्रदान करने के लिए हैं जहां ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं है ।

इन केन्द्रों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाएं

1. बाह्य रोगियों के रूप में अस्थि विकलांग व्यक्तियों का पुनर्वास (अस्थि संबंधी समस्याएं, मानसिक आघात के बाद और शल्य चिकित्सा बाद का कड़ापन, सरवाइकल स्पोंडिलाइटिस, कमर के निचले हिस्से में दर्द, गठिया और अन्य न्यूरों- स्केलेटल रोग कंकाल विसंगति) ।

2. कार्यशाला; प्रदर्शनी और सेमिनारों आदि के माध्यम से सूचना का प्रलेखीकरण और आदान प्रदान ।

3. समुदाय आधारित पुनर्वास और घर पर ही अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से आऊटरीच कार्यक्रम ।

(द) भारतीय पुनर्वास परिषद, दिल्ली

31 जुलाई, 1993 से अस्तित्व में आई भारतीय पुनर्वास परिषद, भारतीय पुनर्वास परिषद अधिनियम, 1922 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है । विकलांगता के क्षेत्र से संबंधित विभिन्न श्रेणियों के व्यावसायिकों के लिए प्रशिक्षण नीतियों और कार्यक्रमों को विनियमित करना इस परिषद की जिम्मेवारी है । यह सभी व्यावसायिकों/कार्मिकों के लिए एक केन्द्रीयकृत पुनर्वास रजिस्टर भी रखता है और पुनर्वास और विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करता है । व्यावसायिकों की 16 श्रेणियों की मानव संसाधन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए स्नातकोत्तर/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्नातक/डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विकसित/मानकीकृत करना और अनुमोदित करना इस परिषद का मुख्य उत्तरदायित्व है । भारतीय पुनर्वास परिषद पुनर्वास के क्षेत्र में पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिए उत्कृष्टता न्यूनतम मानदंडों को पूरा करने वाले संस्थानों को मान्यता प्रदान करती है ।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://www.rehabcouncil.nic.in देखें ।

(ध) विकलांग व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त का कार्यालय, दिल्ली

विकलांग व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त का कार्यालय की स्थापना विकलांगता (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1955 की धारा 57 के अंतर्गत स्थापित किया गया है । अधिनियम की धारा 58 और 59 मुख्य आयुक्त को अधिकारों और विकलांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की सुरक्षा के लिए शासनादेश प्रदान करता है । ये धारा मुख्य आयुक्त को शिकायतों की जांच करने, अपने प्रस्ताव पर, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की वंचना तथा उपयुक्त सरकारों और स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा उनके कल्याणार्थ कानून, नियम, उपनियम, विनियम, कार्यकारी आदेश, दिशानिर्देश अथवा अनुदेशों का कार्यान्वयन न होने से संबंधित मामलों में अपनी ओर से कार्रवाई करने का अधिकार भी देती है ।

(न) जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र/जिला पुनर्वास केन्द्र

इस मंत्रालय राज्य सरकारों के सक्रिय सहयोग से ग्रामीण विकलांगों को विस्तृत पुनर्वास सुविधा प्रदान करने के लिए देश के 144 जिलों में जिला पुनर्वास केन्द्रों (डी आर सी)/जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों (डी डी आर सी) की स्थापना की है । हालांकि जिला पुनर्वास केन्द्रों (जिनकी संख्या 11 है) की स्थापना प्रायोगिक परियोजना के अंतर्गत वर्ष 1985 में की गई थी लेकिन जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र हाल ही में स्थापित किए गए हैं । इन केन्द्रों का प्रमुख कार्य जिला मुख्यालयों में शिविर दृष्टिकोण के माध्यम से निवारण और शीघ्र पता लगाने, चिकित्सा जांच और शल्य चिकित्सा सुधार कृत्रिम यंत्रों और उपकरणों की फिटमेंट, फिजियोथैरेपी, व्यावसायिक और वाक थैरेपी जैसी थैरेपी संबंधी सेवाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण के जरिए कौशल प्राप्त करने संबंधी प्रशिक्षण का प्रावधान करना, स्थानीय उद्योगों में नौकरियों दिलाने आदि की सेवाएं प्रदान करना है । परियोजना निदेशक, जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र, दिल्ली के अधीन एक केन्द्रीय समन्वय एकक (जिसे पहले केन्द्रीय प्रशासनिक एवं समन्वय एकक के रूप में जाना जाता था) कार्य कर रहा है, जो जिला पुनर्वास केन्द्र के कार्यकलापों और जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र के कार्यक्रमों का समन्वय करता है । इस कार्यक्रम के माध्यम से मंत्रालय का देश के सेवा से वंचित जिलों में जागरूकता लाने, पुनर्वास, निचले स्तर के कार्यकर्त्ताओं के प्रशिक्षण/मार्गदर्शन के लिए जिला स्तर पर, अवसंरचना का सृजन और क्षमता निर्माण करने का लक्ष्य है ।

और अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.drccacu.org देखें ।

(प) विकलांग व्यक्तियों के लिए विधान

भारत का संविधान सभी व्यक्तियों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय और प्रतिष्ठा को सुनिश्चित करता है और विकलांग व्यक्तियों सहित सभी के लिए एक सम्मिलित समाज का स्पष्ट रूप से अधिदेश देता है । निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 अधिकार आधारित सम्मिलित समाज के विधिक आधार का प्रावधान करता है, जिसमें केन्द्रीय और राज्य सरकारों को अधिकारों को कार्यशील बनाने में अग्रणी भूमिका निभानी पड़ती है । कार्यकलापों की परिधि, जिसकी व्यवस्था इस अधिनियम में दी गई है, बहुत व्यापक पुनर्वास के बहुआयामी स्वरूप का उल्लेख करने वाली है । अन्य बातों के साथ-साथ यह अधिनियम विकलांगता के निवारण और शीघ्र पहचान तथा पुनर्वास के पहलुओं जैसे शीघ्र हस्तक्षेप, शिक्षा, रोजगार और व्यावसायिक प्रशिक्षण, राज्य क्षेत्र में नौकरियों में आरक्षण, अविभेद, अनुसंधान, श्रमशक्ति विकास एवं बाधा मुक्त वातावरण के विकास को कवर करता है ।

(फ) इसके अतिरिक्त, मंत्रालय के विकलांगता ब्यूरो द्वारा निम्नलिखित का निपटान किया जाता है:-

- अधिनियम में संशोधन सहित भारतीय पुनर्वास परिषद अधिनियम, 1992 से संबंधित मुद्दे ।
- अधिनियम में संशोधन सहित निःशक्त व्यक्ति अधिनियम,1995 से संबंधित मुद्दे ।
- निःशक्त व्यक्ति अधिनियम, 1995 का कार्यान्वयन ।
- यह निःशक्त व्यक्तियों के लिए केन्द्र सरकार में पहचान किए हुए पदों के संबंध में नीति बनाने के लिए भी उत्तरदायी है ।
- निःशक्त व्यक्तियों की सूची तैयार करने और उनके लिए पदों की पहचान करने संबंधी कार्य करता है और उनका संग्रहण करता है ।
- विभिन्न प्रकार की विकलांगता के मूल्यांकन और जांच हेतु दिशानिर्देश जारी करना ।
- विशेष भर्ती अभियान और इस अभियान से जुड़े न्यायालय के मामलों का निपटान करते हैं ।
- भारतीय पुनर्वास परिषद, केन्द्रीय समन्वय समिति, केन्द्रीय कार्यकारी समिति, राष्ट्रीय न्यास के अध्यक्ष और सदस्यों का नियुक्ति करना ।
- निःशक्त व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त की नियुक्ति करना ।
- भारतीय पुनर्वास परिषद, जिला पुनर्वास केन्द्र, सीसीडी के सेवा मामलों के संदर्भ हेतु विकलांगता ब्यूरों एक नोडल एजेंसी है ।

अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग ब्यूरो

(क) अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति

उद्देश्यः

अन्य पिछड़े वर्ग के कमजोर वर्ग से संबंधित लोगों के बीच शिक्षा के प्रसार में सहायता करना ।

लाभार्थी

अन्य पिछड़े वर्ग के गरीबी रेखा के दोगुने से नीचे रहने वाले कमजोर वर्ग से संबंधित लड़के और लड़कियां ।

कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियां

राज्य सरकारें/संघ राज्य प्रशासन

पात्रता

छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए संस्वीकृत की गई है जिनके माता-पिता का आय सभी स्त्रोतों से 44,500 रुपए प्रतिवर्ष से अधिक नहीं है ।

शिक्षा की अवधि और पाठ्यक्रम

दिवा छात्रों के मामले में छात्रवृत्ति कक्षा 1 अथवा पूर्व मैट्रिक स्तर की किसी कक्षा के छात्रों को तथा होस्टल में रहने वाले छात्रों के मामले में कक्षा 3 या मैट्रिक स्तर से पहले
की किसी कक्षा के छात्रों को प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति की अवधि एक शैक्षिक वर्ष में 10 माह की है।

छात्रवृत्ति कवरेज और तदर्थ अनुदान

क्रम सं0	योजना का नाम	योजना की विशेषताएं
1	**मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति**	**उद्देश्यः** अन्य पिछड़े वर्ग के कमजोर वर्ग से संबंधित लोगों के बीच शिक्षा के प्रसार में सहायता करना । **लाभार्थी** अन्य पिछड़े वर्ग के गरीबी रेखा के दोगुने से नीचे रहने वाले कमजोर वर्ग से संबंधित लड़के और लड़कियां । **कार्यान्वयन एजेंसियां** राज्य सरकारें/संघ राज्य प्रशासन **पात्रता** छात्रवृत्ति उन छात्रों के लिए संस्वीकृत की गई है जिनके माता-पिता का आय सभी स्रोतों से 44,500 रुपए प्रतिवर्ष से अधिक नहीं है । **शिक्षा अवधि और पाठ्यक्रम** दिवा छात्रों के मामले में छात्रवृत्ति कक्षा 1 अथवा पूर्व मैट्रिक स्तर की किसी कक्षा के छात्रों को तथा छात्रावास में रहने वाले छात्रों के मामले में कक्षा 3 या मैट्रिक स्तर से पहले की किसी कक्षा के छात्रों को प्रदान की जाती है । छात्रवृत्ति की अवधि एक शैक्षिक वर्ष में 10 माह की है ।

2	**केन्द्रीय प्रायोजित मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना**	**छात्रवृत्ति कवरेज और तदर्थ अनुदान** **छात्रावास में रहने वालों के लिए** कक्षा-3 से कक्षा 8 - 200 रुपए प्रतिवर्ष कक्षा 9 और 10 - 250 रुपए प्रतिवर्ष **अनावासी छात्रों के लिए** कक्षा-1 से कक्षा 5 - 250 रुपए प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 8 - 400 रुपए प्रतिवर्ष कक्षा 9 और 10 - 500 रुपए प्रतिवर्ष इसके अतिरिक्त, सभी छात्रों, अर्थात् होस्टल में रहने वाले और अनावासी छात्रों, को 500 रुपए प्रति छात्र का तदर्थ अनुदान दिया जाता है । **वित्तीय सहायता का तरीका** राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों के प्रतिबद्ध दायित्वों को घटाने के पश्चात् राज्य सरकारों को 50% केन्द्रीय सहायता और संघ राज्य प्रशासनों को 100% केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है । पूर्वोत्तर क्षेत्र के मामले में यह प्रतिबद्ध देयता के अलावा दी जाती है । राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन द्वारा संबंधित चयनित छात्रों को छात्रवृत्ति राशि इस संबंध में राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसरण में अदा की जाती है । **उद्देश्यः** मैट्रिकोत्तर अथवा माध्यमिक स्तर के बाद पढ़ने वाले अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को अपनी शिक्षा पूरा करने के योग्य बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना । **लाभार्थी** अन्य पिछड़े वर्ग के कमजोर वर्गों से संबंधित छात्र और छात्राएं ।

छात्राएं ।

कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियां

राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन

पात्रता

केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासनों द्वारा अधिसूचित अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित भारतीय नागरिकों को मान्यता प्राप्त संस्थानों में मैट्रिकोत्तर अथवा पोस्ट सैकेण्डरी स्तर में पढ़ने, यदि छात्रों को पाठ्यक्रम के दौरान प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं दी जाती है तो मेडिसन के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में पढ़ने के लिए, कोई भी मान्यता प्राप्त व्यावसायिक अथवा तकनीकी प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री पाठ्यक्रमों में पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है । इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक पायलट लाइसेंस (सी पी एल) प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भी 20 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है । छात्रों के माता-पिता की सभी स्रोतों से आय 44,500 रुपए वार्षिक से अधिक न हो ।

पुरस्कार हेतु शर्तें

छात्रवृत्ति छात्रों की संतोषजनक प्रगति और व्यवहार पर निर्भर है ।

यदि कोई छात्र झूठी सूचना द्वारा छात्रवृत्ति प्राप्त करता है तो उसकी छात्रवृत्ति रद्द कर दी जाएगी और अदा की गई छात्रवृत्ति राशि को वसूल कर लिया जाएगा ।

यदि कोई छात्र राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना पाठ्यक्रम के विषय, जिसके लिए उसे वास्तव में छात्रवृत्ति प्रदान की गई है, को बदल देता है अथवा अध्ययन के संस्थान को बदल लेता है तो प्रदान की गई

		छात्रवृत्ति को रद्द किया जा सकता है । **योजना की उद्घोषणा** सभी राज्य सरकारें/संघ राज्य प्रशासन योजना का ब्यौरा मई-जून में प्रकाशित करती है और अग्रणी समाचार पत्रों और अन्य मीडिया माध्यमों में एक विज्ञापन जारी करके आवेदन आमंत्रित करती है । **छात्रवृत्ति की राशि** छात्रवृत्ति के मूल्य में पाठ्यक्रम की पूर्णावधि हेतु रखरखाव भत्ता, दृष्टिविहिन छात्रों के लिए रीडर भत्ता वापस न होने वाली अनिवार्य फीस की प्रतिपूर्ति, अध्ययन यात्रा भत्ता, शोध ग्रंथ के टंकण/मुद्रण प्रभार और पत्राचार पाठ्यक्रम से पढ़ने वाले छात्रों के लिए पुस्तक भत्ता शामिल है । छात्रवृत्ति की राशि उनके पाठ्यक्रमों के अनुसार छात्रावासियों के लिए 150 रुपए से लेकर 425 रुपए प्रतिमाह तथा अनावासी छात्रों के लिए 90 रुपए से लेकर 190 रुपए प्रतिमाह तक है । **वित्तीय सहायता का तरीका** प्रतिबद्ध देयता घटाने के पश्चात् राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासनों को 100% केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है । छात्रवृत्ति की राशि चयनित छात्रों को उनसे संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन द्वारा अदा की जाती है ।
3	**अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों और छात्राओं के लिए छात्रावास योजना**	**उद्देश्यः** ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों और छात्राओं की गुणवत्ता वाले शिक्षा केन्द्रों में उपयुक्त छात्रावास सुविधाएं प्रदान करना ।

		सुविधाएं प्रदान करना । **लाभार्थी** ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य पिछड़े वर्ग के कमजोर वर्गों से संबंधित छात्र और छात्राएं । **कार्यान्वयन एजेंसियां** राज्य सरकारें/संघ राज्य प्रशासन **कार्यक्षेत्र और पात्रता** इस योजना के अंतर्गत उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में छात्रावासों का निर्माण किया जाता है जिनमें अन्य पिछड़े वर्गों की जनसंख्या अधिक है, लेकिन छात्रावास सुविधाएं अपर्याप्त हैं । इन छात्रावासों का निर्माण माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के छात्रों के लिए किया जाता है । इस योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाने वाले होस्टलों में से कम से कम एक तिहाई विशेष रूप से लड़कियों के लिए होते हैं । इन होस्टलों में पांच प्रतिशत सीटें विकलांग छात्रों के लिए आरक्षित की जाती है । **सहायता हेतु पात्र संगठन इस प्रकार हैः-** 1. राज्य सरकारें/संघ राज्य प्रशासन 2. सरकार द्वारा अध्यादेश के तहत स्वायत्तशासी निकाय के रूप में अथवा समितियों का पंजीकरण, अधिनियम, 1860 के अंतर्गत अथवा अन्य तरह से एक समिति के रूप में स्थापित संस्थान या संगठन । 3. केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारें/संघ राज्य प्रशासनों के स्वामित्व वाले अथवा नियंत्रित

4	**राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम**	शैक्षिक और अन्य संस्थान । **वित्त पोषण का तरीका** योजना के अंतर्गत छात्रावासों के निर्माण हेतु 50% केन्द्रीय सहायता दी जाती है तथा बाकी 50% लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है । ऐसे छात्रावासों को स्थापित करने का प्रस्ताव करने वाले केन्द्रीय सरकार के संगठनों और संघ राज्य प्रशासनों को 100% केन्द्रीय सहायता दी जाती है । भूमि की अधिग्रहण, स्टाफ और अन्य देखरेख तथा प्रति दिन के खर्चों पर होने वाला समस्त व्यय संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों द्वारा वहन किया जाता है । **उद्देश्यः** आय अर्जक कार्यकलाप शुरू करने और कौशल विकास हेतु गरीबी रेखा की आय के दोगुने से कम आय वाले अन्य पिछड़े वर्गों को रियायती वित्त प्रदान करना । **कार्यान्वयन एजेंसियां** योजना को राज्य सरकारों/संघ राज्य प्रशासनों द्वारा नामित राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है । **कार्यकलाप जिनके लिए सहायता प्रदान की जा सकती हैः** कृषि, कृषि से संबंधित कार्यकलाप, पशु गाड़ी, लिफ्ट सिंचाई, मछली का जाल, मछली पकड़ने की कश्ती डेयरी, मधुमक्खी पालन, मछली का क्रय विक्रय आदि ।

		डेयरी, मधुमक्खी पालन, मछली का क्रय-विक्रय आदि । **लघु उद्योग/शिल्पकार और परंपरागत व्यवसाय** बढ़ईगिरी, बेकरी, बायोगैस प्लांट निर्माण, ब्यूटी पार्लर, चूड़ी एकक, टोकरी बनाना, परचून की दुकान आदि । **सेवा क्षेत्र** फोटोकॉपियर, एसटीडी/आईएसडी/पीसीओ बूथ, टेलरिंग, जिल्द बांधना, मोमबत्ती बनाना, अगरबत्ती बनाना आदि । यातायात - मारुति वैन, जीप, टैक्सी, ट्रक आदि **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम की योजना** **(क) सामान्य ऋण योजना** **आवधिक ऋणः** इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 5 लाख रुपए की अधिकतम सीमा के अधीन परियोजना लागत के 85% तक ऋण दिया जाता है । **महिलाओं के लिए नई स्वर्णिम योजना** इस योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़े वर्गों की पात्र महिलाओं को 50,000 रुपए का ऋण दिया जाता है । **स्वयं सक्षम स्कीमः** इस स्कीम के अंतर्गत स्व-रोजगार उपक्रमों की स्थापना हेतु व्यावसायिक रूप से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 5.00 लाख रुपए की सीमा तक ऋण दिया जाता है । **शिक्षा ऋण योजना**

		इस योजना के अंतर्गत डिग्री और /अथवा उच्चतर स्तर के सामान्य/व्यावसायिक/तकनीकी पाठ्यक्रम हेतु पात्र अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को ऋण दिया जाता है । **मार्जिन मनी ऋण** इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 2.00 लाख रुपए की अधिकतम सीमा के अधीन परियोजना लागत की 40% सीमा तक ऋण दिया जाता है । **(ख) माइक्रो वित्त योजना** माइक्रो ऋण योजनाः इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों और प्राधिकृत गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से सीधे अथवा स्व-सहायता समूह के जरिए 25,000 रुपए तक ऋण दिया जाता है । **महिला समृद्धि योजनाः** इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों और प्राधिकृत गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से सीधे अथवा स्व-सहायता समूह के जरिए 25,000 रुपए तक ऋण दिया जाता है । **(ग) प्रशिक्षण अनुदान योजना** इस योजना के अंतर्गत एस सी ए और तकनीकी संस्थानों को पात्र अन्य पिछड़े वर्ग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।
5.	**राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग**	**उद्देश्य/कार्यः**

6.	**अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याणार्थ कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को सहायता**	नागरिकों के किसी वर्ग को सूची में पिछड़े वर्ग के रूप में शामिल करने के अनुरोध और ऐसी सूची में किसी पिछड़े वर्ग से अधिक लोगों को शामिल करने अथवा कम लोग शामिल करने से संबंधित अनुरोधों का अनुपालन तथा ऐसे अनुरोधों की उपयुक्तता हेतु विचारार्थ केन्द्रीय सरकार, को भेजना । **संरचनाः** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यों में अध्यक्ष, जो सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय का न्यायधीश है, एक समाज विज्ञानी, पिछड़े वर्गों से संबंधित मामलों में विशेष ज्ञान रखने वाले दो सदस्य तथा एक सदस्य सचिव, जो भारत सरकार में एक सचिव के रैंक में एक अधिकारी है, शामिल हैं । अध्यक्ष और सदस्य कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के लिए कार्य करते हैं । **उद्देश्यः** अन्य पिछडे वर्ग के कल्याणार्थ कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को सहायता स्कीम की शुरूआत 9वीं पंचवर्षीय योजना अर्थात् 1998-99 में कौशल उन्नयन और उन्हें आय अर्जक कार्यकलाप शुरू करने अथवा लाभकारी रूप से कार्य करने में समर्थ बनाने के जरिए अन्य पिछड़े वर्गों की शैक्षिक और सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए शामिल करने के मुख्य उद्देश्य के साथ की गई । **सहायता का तरीका** इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार किसी अथवा सभी विशिष्ट मदों के लिए अनुमोदित व्यय के 90% तक का वहन कर सकती है । इस स्कीम के अंतर्गत

		कारपेंटरी, क्राफ्ट, इलैक्ट्रशियन, मोटर वांइडिंग और फिटिंग, फोटोग्राफी, प्रिटिंग, कंपोजिंग और किताब जिल्दसाजी, टाइपिंग और शार्टहैंड, फल संरक्षण, टी वी, वी सी आर और रेडियो तथा वैल्डिंग एवं फिटर प्रशिक्षण आदि जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु सहायता अनुदान दिया जाता है । **प्रक्रिया** एक गैर सरकारी संगठन को सहायता अनुदान जारी करने पर विचार करने हेतु न्यूनतम अपेक्षाएं निम्नलिखित हैः ➢ इसे सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860/लोक पंजीकृत न्यास/कंपनी अधिनियम,1958 की धारा 25/भारतीय रेडक्रास समिति अथवा इसकी शाखा/ विधिक स्थिति वाला अन्य लोक संस्थान के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए । इस निकाय को सहायता हेतु आवेदन करते समय कम से कम दो वर्ष तक पंजीकृत होना चाहिए । ➢ इसे किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह के लाभ हेतु नहीं चलाया जाना चाहिए । ➢ इसे प्रस्तावित कार्यकलाप के क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए । ➢ इसे वित्तीय रूप से सुदृढ़ होना चाहिए तथा बजट व्यय के कम से कम 10% को वहन करने की क्षमता होनी चाहिए । ➢ प्रस्ताव आरंभिक निरीक्षण रिपोर्टों के साथ राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित होना चाहिए । ➢ आवेदन पिछले दो वर्षों के बजट प्राक्कलन, पंजीकरण प्रमाण-पत्र वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखों (प्राप्ति एवं भुगतान, आय एवं

		व्यय और बैलेंसशीट सहित) निर्धारित प्रपत्र में किया जाना चाहिए ।

केन्द्रीय वक्फ परिषद

क्रम सं0	योजना का नाम	योजना की मुख्य विशेषताएं
1	**सी डब्ल्यू सी**	देश में राज्य वक्फ बोर्डों के कार्यों से संबंधित मामलों पर और वक्फों के उचित प्रशासन पर इसे सलाह देने के उद्देश्य से वक्फ अधिनियम, 1954 की धारा 8क (अब वक्फ अधिनियम, 1955 की धारा 9 की उपधारा 1 के रूप में पठनीय) के प्रावधान के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्थापित केन्द्रीय वक्फ परिषद एक सांविधिक निकाय है । यह परिषद एक अध्यक्ष और अधिकतम 20 सदस्यों से मिलकर बनी है । अध्यक्ष माननीय केन्द्रीय मंत्री है जो वक्फ के प्रभारी है तथा सदस्यों की नियुक्ति, भारत सरकार इस अधिनियम में वर्णित उपबंधों के अनुसार करती है । **केन्द्रीय वक्फ परिषद द्वारा चलाई जा रही योजनाएं** **(क) शहरी वक्फ संपतियों का विकास** खाली पड़ी वक्फ भूमि को अतिक्रमण कर्त्ताओं से बचाने और कल्याण कार्यकलापों के विस्तार के उद्देश्यार्थ तथा अधिक आय अर्जन के लिए वाणिज्यिक आधार पर इसे विकसित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय वक्फ परिषद केन्द्रीय सरकार से वार्षिक सहायता अनुदान के साथ इसे योजनेत्तर योजना को कार्यान्वित करती रहती है । इस योजना वर्ष 1974 - 75 के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा केन्द्रीय वक्फ परिषद को वार्षिक सहायता अनुदान देकर शुरू किया गया था । इस योजना के अंतर्गत वक्फ भूमि पर आर्थिक रूप से व्यवहार्य भवन जैसे वाणिज्यिक परिसर, विवाह घर, अस्पताल, शीत भंडारण गृह आदि बनाने के लिए देश की विभिन्न वक्फ संस्थाओं को दिए जाने वाले ऋण को बढ़ा दिया गया हे ।
		(ख) परिषद की रिवाल्विंग निधि ऋण ग्राही संस्थाओं द्वारा परिषद को ऋण राशि की चुकौती दो वर्ष के विलम्बन-काल के साथ 20 अर्ध-वार्षिक किस्तों में की जाती है । इस प्रकार चुकाई गई राशि से परिषद का रिवाल्विंग फंड बनता है, जिसका पुनः उपयोग 20 लाख रुपए तक अग्रिम ऋण देकर वक्फ भूमि संबंधी लघु परियोजनाओं के लिए किया जाता है ।

(ग) परिषद की शिक्षा योजना

केन्द्रीय वक्फ परिषद द्वारा प्राप्त सहायता अनुदान को शहरी वक्फ संपत्तियों के विकास के लिए ऋणग्राही वक्फों को ब्याज रहित ऋण के रूप में जारी किया जाता है । जबकि परिषद, इस योजना में काम करने वाले कर्मचारियों पर होने वाले पूरे खर्च के साथ-साथ परिषद द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा में प्रयुक्त कागज, डाक-व्यय आदि पर होने वाले अन्य खर्चों को वहन करता है, यह ऋणग्राही संस्थाओं के सामने दो शर्तें रखता है अर्थात (i) उन्हें बकाया ऋण पर इसकी योजनाओं के लिए परिषद की शैक्षिक निधि को 6% चंदा देना होगा जो गरीब मुसलमानों के शैक्षिक उत्थान के लिए बनाई गई हैं; (ii) ऋण की चुकौती के बाद, उन्हें अपनी बढ़ी हुई आय का 40% मुसलमानों की शिक्षा पर विशेष रूप से तकनीकी शिक्षा पर खर्च करना होगा ।

शहरी वक्फ संपत्तियों के विकास के लिए बकाया ऋण पर ऋणग्राही वक्फों से 6% चंदा प्राप्त होता है और परिषद की शिक्षा निधि के रिवाल्विंग फंड की बैंक जमा राशि पर ब्याज उपार्जित किया जाता है । इस निधि का उपयोग निम्नलिखित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए किया जाता हैः

i) तकनीकी/व्यावसायिक स्नातक पाठ्यक्रम के लिए अध्ययन कर रहे गरीब छात्रों को 6000 रुपए प्रति वर्ष की दर से छात्रवृत्ति;
ii) सामान्य स्नातक पाठ्यक्रम के गरीब और जरूरतमंद छात्रों को 3000 रुपए प्रति वर्ष की दर से तदर्थ अनुदान;

iii) विद्यालय के छात्रों, मदरसा के छात्रों और अपने संबंधित राज्यों में तकनीकी/व्यावसायिक डिप्लोमा कोर्स करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु राज्य वक्फ बोर्डों को समान अनुदान;

iv) मुसलमान बहुल क्षेत्रों में भारतीय तकनीकी संस्थान (आईटीआई) स्थापित करने हेतु अनुदान;

v) व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय

		सहायता; और vi) 'पुस्तक-बैंक' का विकास करने हेतु पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता । इसके अतिरिक्त, अधिक जानकारी के लिए कृपया www.centralwakfcouncil.org वेबसाइट देखें ।
02	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की स्थापना 1994 में की गई थी जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों में पिछड़े वर्गों के लिए आर्थिक विकासात्मक कार्यकलापों को बढ़ावा देना था । इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम गरीबी रेखा के दुगने से कम पारिवारिक आय वाले अल्पसंख्यक समुदायों के पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार कार्यकलापों हेतु रियायती वित्त साधन मुहैया कराता है । **राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की योजनाएं*** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के पास अंतिम लाभार्थियों तक पहुंचने के दो चैनल हैं - पहला संबंधित राज्य/संघ राज्य सरकारों द्वारा नामित राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से और दूसरा गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से । राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा कार्यान्वित ये योजनाएं इस प्रकार हैं: (क) राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से i) आवधिक ऋण योजना ii) मार्जिन मनी ऋण योजना iii) शिक्षा ऋण योजना iv) महिला समृद्धि योजना (ख) गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से i) लघु वित्त पोषण योजना ii) ब्याज रहित ऋण योजना ii) रिवाल्विंग फंड योजना

योजना, अनुसंधान मूल्यांकन मानीटरिंग (प्रेम) प्रभाग

विस्तृत कार्य कलाप, कर्त्तव्य एवं प्रभाग द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं में शामिल हैंः

अनुसंधान एवं मूल्यांकन अध्ययन का प्रायोजन, समाज कल्याण संबंधी नैदानिक अध्ययन एवं प्रलेखन अध्ययन, सामाजिक विकास और सामाजिक आर्थिक नीति तथा अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, विकलांगों, परित्यक्त बच्चों, वृद्ध व्यक्तियों एवं नशीली दवा दुरुपयोग के शिकार लोगों आदि का सशक्तिकरण । वार्षिक योजना, पंचवर्षीय योजनाओं के लिए प्रस्ताव, मध्यावधिक मूल्यांकन तथा मंत्रालय की प्रशासनिक रिपोर्ट तैयार करना, योजना व्यय की प्रगति को मानीटर करने हेतु विभिन्न स्तरों पर आवधिक समीक्षा बैठकें और संबंधित विषयों पर योजना आयोग, व्यय विभाग, जनजातीय कार्य मंत्रालय, डब्ल्यू एंड सी डी विभाग, शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय तथा अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों के साथ संपर्क ।

---

* इन योजनाओं का विवरण राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास निगम की सूचना हैंडबुक से प्रापत किया जा सकता है, जिसका पता ओर टेलिफोन नं. इस मैनुअल के भाग 2.11 पर दिया गया है ।

अनुसूचित जाति विकास (एससीडी) ब्यूरो

अनुसूचित जाति विकास - 1 प्रभाग

यह मंत्रालय, लक्षित समूह के कल्याणार्थ केन्द्रीय प्लान योजनाओं और केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के निष्पादन हेतु क्षेत्रीय कार्यान्वयन एजेंसियों को निधि प्रदान करता है । प्रत्येक मामले में निर्धारित मानदंडों के अनुसार इन योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा किया जाता है ।

अनुसूचित जाति विकास - II प्रभाग

यह मंत्रालय, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा अनुसूचित जातियों की विशेष संघटक योजना (एससीपी) के प्रतिपादन और क्रियान्वयन की समीक्षा करता है । यह मंत्रालय, गरीब अनुसूचित जाति लाभार्थियों के लिए परिवार आधारित आय-सृजक योजनाओं को कार्यान्वित करने हेतु विशेष संघटक योजना के योगज के रूप में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विशेष केन्द्रीय सहायता प्रदान करता है ।

अनुसूचित जाति विकास - III प्रभाग

मंत्रालय, अनुसूचित जातियों से संबधित लक्षित समूहों के कल्याणार्थ योजना के निष्पादन के लिए स्वैच्छिक संगठनों को निधि प्रदान करता है । योजना का कार्यान्वयन, योजना के दिशा-निर्देशों में निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से किया जाता है ।

अनुसूचित जाति विकास - IV प्रभाग

मंत्रालय, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के राज्य अनुसूचित जाति विकास निगमों को केन्द्रीय इक्विटी अंशदान के रूप में निधि प्रदान करता है । ये निगम अनुसूचित जातियों, सफाई कर्मचारियों और अन्य लक्षित समूहों को ऋण मुहैया कराते हैं जिससे कि वे अपने राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से स्व-रोजगार उद्यम शुरू कर सकें । अनुसूचित जाति विकास निगम लाभार्थियों से सीधे आवेदन लेता है और उन्हें ऋण प्रदान करता है । यह मंत्रालय इस प्रक्रिया में सीधे तौर पर शामिल नहीं है । केन्द्रीय क्षेत्र योजनाओं के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम को इक्विटी सहायता प्रदान की जाती है । स्व-रोजगार उद्यम

शुरू करने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, अनुसूचित जातियों को और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम सफाई कर्मचारियों को ऋण प्रदान करता है । ये दो शीर्ष निगम लाभार्थियों को विशेष केन्द्रीय सहायता (एससीए) के माध्यम से ऋण जारी करते हैं तथा यह मंत्रालय इस प्रक्रिया में सीधे तौर पर शामिल नहीं है ।

अनुसूचित जाति विकास - V प्रभाग

मंत्रालय, केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के निष्पादन के लिए, कार्यान्वयन एजेंसी होने के नाते राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को निधि प्रदान करता है । राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत निधि की प्रतिपूर्ति, विदेश में भारतीय मिशनों द्वारा किए गए व्यय के आधार पर, कार्यान्वयन एजेंसी होने के नाते, विदेश मंत्रालय को की जाती है ।

अनुसूचित जाति विकास - VI प्रभाग

i) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का गठन
ii) अन्य मंत्रालयों के परामर्श से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और डा.अम्बेडकर प्रतिष्ठान को प्रशासनिक सलाह देना
iii) 'संयुक्त संवर्ग' पदों की प्रोन्नति एवं चयन और इन संयुक्त संवर्ग पदों से संबंधित अन्य स्थापना विषय
iv) अनुसूचित जाति विकास ब्यूरो का समन्वय

पीसीआर डेस्क

i) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 का कार्यन्वयन, उन अपराधों के बारे में दांडिक न्यायकरण को छोड़कर जो अनुसूचित जातियों से संबंधित हैं ।

ii) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को केन्द्रीय सहायता मुहैया कराना ।

iii) अस्पृश्यता के अपराधों और अत्याचारों के संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों को उचित कार्रवाई हेतु संबंधित राज्य सरकार एवं संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और संबंधित एजेंसियों को भेजना ।

iv) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत अनुबंधित वार्षिक रिपोर्ट और उसके तहत बनाए गए नियमों का प्रस्तुतीकरण ।

आर आई सैल

(क) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग से प्राप्त रिपोर्टों को, कार्रवाई ज्ञापन के साथ संसद में प्रस्तुत करना ।

(ख) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग और इसके प्रशासनिक/वित्तीय विषयों का गठन ।

आर एल सैल

(क) संविधान (अनुसूचित जाति) आदेशों में यथाअधिसूचित अनुसूचित जातियों की सूचियां
(ख) जाति प्रमाण-पत्रों के बारे में दिशा-निर्देश/ अनुदेश
(ग) राष्ट्रीय अनधिसूचित जनजाति और अर्ध-खानाबदोश 'जनजाति' आयोग का कार्यकरण

समाज रक्षा ब्यूरो

वृद्धावस्था प्रभाग

राष्ट्रीय वृद्धजन नीति को जनवरी, 1999 में अपनाया गया है (राष्ट्रीय वृद्धजन नीति संबंधी टिप्पणी www.socialjustice.nic.in पर उपलब्ध है) । राष्ट्रीय वृद्धजन नीति मूल रूप से इन मुद्दों पर संकेन्द्रित करती हैः

(क) राष्ट्रीय नीति में वृद्ध व्यक्तियों की वित्तीय एवं खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य देखरेख, आश्रय एवं अन्य आवश्यकताओं, विकास में उचित हिस्सा, दुरुपयोग और शोषण के विरूद्ध संरक्षण तथा उनके जीवन स्तर को सुधारने संबंधी सेवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए राज्य की सहायता का उल्लेख है; और

(ख) इस नीति के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य-निष्पादन किया जाता हैः सक्रिय एवं सृजनशील वृद्धावस्था को बढ़ावा देना और सक्रिय, सर्जक, सृजनशील एवं संतोषप्रद जीवन सुनिश्चित करने हेतु सकारात्मक कार्य संबंधी जरूरतों को अभिज्ञापित करना, परिवार के सदस्यों को परिवार के वृद्ध व्यक्तियों की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करना, परिवार द्वारा की जाने वाली देखभाल को अनुपूरित करने के लिए स्वैच्छिक एवं गैर-सरकारी संगठनों को सहायता करना, सुभेद्य वृद्ध व्यक्तियों को देखरेख एवं संरक्षण प्रदान करना, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करना, वृद्धावस्था से संबंधित विषयों पर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देना और वृद्धावस्था देखरेख कर्त्ताओं एवं वृद्ध व्यक्तियों के लिए सेवाओं के आयोजकों को प्रशिक्षित करना; और वरिष्ठ नागरिकों के राष्ट्रीय जीवन की मुख्य धारा में शामिल करने के कार्य को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से वृद्धावस्था संबंधी विषयों पर समाज में जागरूकता पैदा करना ।

माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय वृद्धजन नीति मई, 1999 से वृद्ध व्यक्तियों से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों पर सरकार को सलाह देने और राष्ट्रीय नीति के कार्यान्वयन के संबंध में सरकार को फीडबैक देने का कार्य कर रही है । राष्ट्रीय वृद्धजन नीति के सदस्य गैर-सरकारी संगठनों, नागरिकों के समूहों, सेवानिवृत्त व्यक्तियों के संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले तथा कानून, समाज कल्याण एवं सुरक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े अनुभवी एवं सुप्रसिद्ध

व्यक्ति हैं । राष्ट्रीय वृद्धजन नीति का कार्यकाल 5 वर्ष है इसके बाद एक नई राष्ट्रीय वृद्धजन नीति गठित की जाती है । इस समय इसके 33 सदस्य हैं ।

राष्ट्रीय वृद्धजन नीति की सिफारिशों पर कार्रवाई करने के लिए मंत्रालय ने सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अध्यक्षता में एक अन्तर्मंत्रालयी समिति का भी गठन किया है । इस अन्तर्मंत्रालयी समिति में 22 मंत्रालयों/विभागों, जो मूलरूप से वृद्ध व्यक्तियों के कल्याण से संबंधित है, के प्रतिनिधि हैं ।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, निम्नलिखित दो योजनाओं के तहत गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता के माध्यम से वृद्ध व्यक्तियों के कल्याण संबंधी कार्यक्रमों को सहायता प्रदान करता हैः

(क) ''वृद्ध व्यक्तियों के लिए समेकित कार्यक्रम'' योजना (प्लान योजना)ः

उद्देश्य

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ''वृद्ध व्यक्तियों के लिए समेकित कार्यक्रम'' नामक एक योजना कार्यान्वित कर रहा है । इस योजना का उद्देश्य हैः

- वृद्ध व्यक्तियों की देखभाल करने के लिए परिवार की योग्यता और प्रतिबद्धता को बढ़ाना एवं सुदृढ़ करना;
- कई पीढ़ियों के व्यक्तियों के मध्य सौम्य संबंध विकसित करना;
- वृद्ध व्यक्तियों से संबंधित विषयों पर अधिक जागरूकता पैदा करना और इन विषयों पर ध्यान देने के लिए उपायों को बढ़ाना;
- व्यक्तिगत स्तर और सामाजिक स्तर पर 'वृद्धावस्था के लिए आजीवन तैयारी' की अवधारणा को लोकप्रिय बनाना;
- सर्जनशील वृद्धावस्था को सुकर बनाना;
- वृद्ध व्यक्तियों की स्वास्थ्य देखरेख, आवास और आय सुरक्षा संबंधी जरुरतों को प्रोत्साहन देना; और
- वृद्ध व्यक्तियों से संबंधित विषयों पर स्थनीय निकायों/राज्य सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और शैक्षिक/अनुसंधान तथा अन्य संस्थाओं की क्षमता को सुदृढ़ करना ।

लाभ किसको मिलना है

- जबकि इस कार्यक्रम का मुख्य जोर वृद्ध व्यक्तियों (60 वर्ष और अधिक के) विशेष रूप से उनमें से अशक्त, निराश्रित और विधवाओं पर होगा, परिवार और समुदाय को लक्षित करते हुए वृद्ध व्यक्तियों के जीवन-स्तर में सुधार लाने के समग्र संदर्भ में विस्तृत रूप से हस्तक्षेप भी किया जाएगा ।

कार्यान्वयन एजेंसियां

- सरकार द्वारा संस्थाओं या संगठनों का गठन, या तो संविधि के तहत स्वायत्त निकाय के रूप में या सोसाइटी अधिनियम, 1860 के पंजीकरण या अन्यथा के तहत पंजीकृत सोसाइटी के रूप में किया जाता है ।
- उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन, जिसमें विधिवत गठित प्रबंधन/कार्यकारी समिति हो, जो किसी अन्य बाह्य नियंत्रण के बिना लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर चल रहा हो और किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय के लाभार्थ न चलाया जा रहा हो ।
- स्थानीय निकायों और सहकारी सोसाइटियों के पसंद की शैक्षिक एवं अन्य संस्थाएं ।
- विशिष्ट मामलों में, इस योजना के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता भी दी जाएगी ।

क्या गैर-सरकारी संगठन अनुदान के लिए पात्र हैं?

उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन, जिसमें विधिवत् गठित प्रबंधन/कार्यकारी समिति हो, जो किसी अन्य बाह्य नियंत्रण के बिना लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर चल रहा हो और किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय के लाभ के लिए न चलाया जा रहा हो ।

भारत सरकार परियोजना लागत की 90% तक निधि प्रदान करती है और शेष संबंधित संगठन/संस्थान द्वारा वहन किया जाता है । तथापि, वृद्ध व्यक्तियों के लिए कार्यक्रम चलाने एवं सेवाएं प्रदान करने वाले स्कूलों, कालेजों एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे मान्यता प्राप्त युवक संगठनों के मामले में सरकार द्वारा शत-प्रतिशत परियोजना लागत प्रदान की जाती है । किसी कार्यकलाप का सीधे कार्य-निष्पादन करने वाली राज्य सरकारों/स्थानीय/नगरपालिका निकायों के मामले में भारत सरकार और राज्य सरकार/स्थानीय/नगरपालिका निकाय के बीच वित्त पोषण पैटर्न 90:10 है । तथापि, संघ राज्य क्षेत्र द्वारा शुरू किए जाने वाले कार्यकलाप के मामले में शत-प्रतिशत लागत का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाता है । सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय इस योजना के अंतर्गत कोई कार्यकलाप नहीं कर रहा है तथापि, योजनाओं की मानीटरिंग और मूल्यांकन, समर्थन, जागरूकता सृजन, अनुसंधान, प्रलेखन, प्रशिक्षण आदि पर होने वाली लागत का पूर्ण भुगतान कार्यक्रम के लिए किए गए बजटीय आबंटन से किया जाता है ।

प्रस्तावों की पूर्वापेक्षा

संबंधित गैर-सरकारी संगठन/संस्थान को निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करके निर्धारित प्रपत्र के अनुसार समेकित प्रस्ताव प्रस्तुत करने चाहिएः

- निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र
- वर्ष का अनुमानित बजट
- लाभार्थियों का ब्यौरा
- कर्मचारियों का ब्यौरा
- प्रबन्धन समिति का ब्यौरा
- पिछले वर्ष में जारी किए गए अनुदान के संबंध में उपयोगिता प्रमाणपत्र के साथ लेखापरीक्षित लेखे
- पिछले वर्ष की प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक रिपोर्ट

- पंजीकरण प्रमाण-पत्र
- संगम ज्ञापन
- वैध किराया करार, यदि कोई हो ।

सहायता राशि

इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष आवर्ती मदों के लिए अनुदान जारी किया जाता है । तथापि, परियोजनाओं (वृद्धावस्था गृहों/अनावासी देखभाल केन्द्रों) की स्थापना करते समय अनावर्ती अनुदान प्रदान किया जाता है । अनुदान दो समान किस्तों में प्रदान किया जाता है । पहली किस्त में संस्वीकृत राशि का 50% कवर किया जाता है और इसे निर्धारित प्रपत्र के प्राप्त होने पर जारी किया जाता है । शेष 50% को दूसरी किस्त के रूप में निर्धारित प्रपत्र के प्राप्त होने पर जारी किया जाता है ।

(ख) पंचायती राज संस्थाओं/स्वैच्छिक संगठनों/स्व-सहायता समूहों के लिए सहायता की योजना जिसके तहत वृद्धाश्रमों के निर्माण हेतु निधि प्रदान की जाती है (गैर-योजना स्कीम)

योजना के उद्देश्यः

- निराश्रित,वृद्ध व्यक्तियों को वित्तीय रूप से तबाह होने के विरुद्ध संरक्षण;
- विभिन्न प्रकार से उत्पादकता बढ़ाने वाले कार्यकलाप हेतु अवसरों का प्रावधान;
- सामाजिक समर्थन को बढ़ावा देना और बनाए रखना;
- वृद्धजनों विशेषकर निराश्रित और बेघर लोगों को स्व-संतुष्टि, स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल प्रदान करने, सतत् शिक्षा तथा मनोरंजन के कार्यकलापों के लिए प्रावधान; और
- उपयुक्त आवासीय सुविधाओं का प्रावधान करना जो ऐसे वातावरण में स्थित हों, जिसमें वृद्धजनों को समृद्ध, सामान्य और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर मिलें तथा इस प्रकार वृद्ध जनों को एक सार्थक मनोवैज्ञानिक महत्व प्रदान किया जा सके ।

लाभ किसको मिलना है

निराश्रित वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रमों और बहु विषयक सेवा केन्द्रों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में सामाजिक और आर्थिक अन्तःसम्पर्क हेतु अवसर उपलब्ध कराना ।

कार्यान्वयन एजेंसियां

सरकार द्वारा संस्थाओं या संगठनों का गठन, या तो संविधि के तहत स्वायत्त निकाय के रूप में या सोसाइटी अधिनियम, 1860 के पंजीकरण या अन्यथा के तहत पंजीकृत सोसाइटी के रूप में किया जाता है ।

- उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन, जिसमें विधिवत् गठित प्रबंधन/कार्यकारी समिति हो, जो किसी अन्य बाह्य नियंत्रण के बिना लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर चल रहा हो और किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय के लाभ के लिए न चलाया जा रहा हो ।
- अस्थायी रूप से लागू किसी कानून के तहत पंजीकृत सार्वजनिक न्यास ।
- कंपनी अधिनियम, 1958 की धारा 25 के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त धर्मार्थ कंपनी ।
- सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत वृद्धजनों के स्व-सहायता समूह अथवा सार्वजनिक न्यास ।
- पंचायती राज संस्थाएं भी प्रदान किए जाने वाले सहायता अनुदान के पात्र हैं, उनकी सिफारिशें उनके जिला परिषद्, नगरपालिका निगम/नगरपालिका परिषद, जैसा भी मामला हो, के एक संकल्प के माध्यम से, राज्य सरकार की विधिवत् संस्तुति से प्राप्त होती है ।

क्या गैर-सरकारी संगठन अनुदान हेतु पात्र हैं?

उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन, जिसमें विधिवत् गठित प्रबंधन/कार्यकारी समिति हो, जो किसी अन्य बाह्य नियंत्रण के बिना लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर चल रहा हो और किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय के लाभ के लिए न चलाया जा रहा हो ।

प्रस्तावों की पूर्वापेक्षा

संबंधित गैर-सरकारी संगठन/संस्थान को निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करके निर्धारित प्रपत्र के अनुसार समेकित प्रस्ताव प्रस्तुत करने चाहिएः

- निर्धारित प्रपत्र में आवेदन
- वृद्धाश्रम गृह/बहु विषयक सेवा केन्द्र के निर्माण हेतु अनुमानित बजट
- प्रबन्धन समिति का ब्यौरा
- पिछले वर्ष में जारी लेखा परीक्षित लेखे
- पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट
- पंजीकरण प्रमाण-पत्र
- संगम ज्ञापन
- केन्द्रीय सरकार के अन्य विभागों से या राज्य सरकार से समान परियोजना के लिए प्राप्त किए गए/प्राप्त किये जाने वाले अनुदान का विवरण
- प्रस्तावित भवन की अभिन्यास योजना
- भूमि, जिस पर भवन का निर्माण किया जाना है, के स्वामित्व का प्रमाण
- राज्य सरकार द्वारा प्रमाण-पत्र या अनुमोदित निर्धारक (राज्य सरकार, आय कर विभाग आदि द्वारा अनुमोदित) से प्रमाण-पत्र या राज्य निर्माण निगम से प्रमाण-पत्र कि ये दरें, सदृश कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग की वर्तमान अनुसूची दरों से अधिक नहीं हैं ।

सहायता राशि

इस योजना के अंतर्गत, प्रति गृह/केन्द्र के लिए अनुदान की राशि 15 लाख रुपए तक सीमित है । अनुदान दो समान किस्तों में जारी किया जाता है । पहली किस्त संस्वीकृत राशि के 70% से अधिक नहीं होती तथा निर्धारित प्रपत्र के प्राप्त होने के पश्चात् ही जारी की जाती है । बाकी 30%, निर्माण कार्य शुरू हो जाने और छत के स्तर तक पहुंच जाने की पुष्टि होने तथा संस्था/संगठन द्वारा अब तक किए गए व्यय का विवरण प्राप्त होने पर जारी किया जाता है ।

बाल कल्याण विभाग

(क) किशोर न्याय संबंधी कार्यक्रमः

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय " किशोर न्याय संबंधी कार्यक्रम " नामक एक योजना को क्रियान्वित कर रहा है । इस योजना के उद्देश्य हैं :

- प्रेक्षण गृहों, किशोर गृहों, विशेष किशोर गृहों की स्थापना करने, मौजूदा गृहों का उन्नयन करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना;
- इन गृहों में रहने वाले संवासियों को भरण-पोषण अनुदान, आकस्मिक भत्ता, बेडिंग प्रभार प्रदान करना; और
- इन गृहों के स्टाफ को वेतन की व्यवस्था करना ।

लाभ किसको मिलना हैः

- कानून का उल्लंघन करने वाले किशोर ।
- देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चे ।

कार्यान्वयन एजेंसियां

राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन । इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों और केन्द्रीय सरकार के बीच लागत अनुपात 50 : 50 है । राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संगठनों के मामले में राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार और गैर-सरकारी संगठनों के बीच यह अनुपात 45 : 45 : 10 है । इस योजना के अंतर्गत अनुदान जारी करने के लिए यह अनिवार्य है कि राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, गृहों आदि की लागत का 50% तक पूरा करने के लिए अपने राज्य बजट में पर्याप्त बजटीय प्रावधान करें ।

क्या गैर सरकारी संगठन अनुदान के लिए पात्र हैं:

इस योजना के अंतर्गत किसी भी गैर-सरकारी संगठन को निधियां सीधे जारी नहीं की जाती हैं । इस योजना के अंतर्गत गृहों को संचालित करने वाले राज्य सरकार के मान्यताप्राप्त गैर सरकारी संगठन के संबंध में अनुदान राज्य सरकारों को जारी की जाती है जो अन्ततः संबंधित गैर सरकारी संगठनों को अनुदान जारी करते हैं ।

निर्माण अनुदानों को जारी करने और मौजूदा संस्थाओं का उन्नयन करने के लिए पूर्वापेक्षाएं :

संबंधित राज्य सरकार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को प्रस्तावित निर्मित/उन्नयन किए जाने वाले गृह के अलग प्रस्ताव भेजने चाहिए, जिसमें कार्य योजना और राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा विधिवत् अनुमोदित अनुमानित निर्माण लागत का ब्यौरा हो ।

गृह का आकारः

50 बच्चों के रहने के लिए प्रेक्षण गृह का कवरिंग क्षेत्र करीब 7,000 वर्ग फीट है और 100 किशोर संवासियों को रखने के लिए किशोर गृह या विशेष गृह का कवरिंग क्षेत्र करीब 11,000 वर्ग फीट है ।

प्रस्तावों की पूर्वापेक्षाएं :

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के संबंधित विभाग निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करते हुए निर्धारित प्रपत्र के अनुसार समेकित प्रस्ताव भेजते हैः-

(1)पूर्व वर्ष में जारी अनुदानों के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र, जोकि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हों; (2)सरकार द्वारा संचालित गृहों और गैर-सरकारी संगठन द्वारा संचालित गृहों का प्रत्येक गृह की धारिता क्षमता के साथ ब्यौरा; (3) गृहों में संवासियों की मौजूदा संख्या; (4) सरकार द्वारा संचालित गृहों के कर्मचारियों के वेतन का ब्यौरा; (5) जारी किए जाने वाले निवेदित अनुदान का विस्तृत कार्य-पत्रक; और (6) इस योजना के अंतर्गत व्यय को पूरा करने के लिए राज्य बजट में राज्य समान अंश की राशि ।

सहायता राशिः

इस योजना के अंतर्गत दो तरह की अनुदान, अनावर्ती और आवर्ती प्रदान किया जाता है। गृहों के निर्माण, मौजूदा गृहों के उन्नयन, फर्नीचर, उपस्कर और बरतनों के लिए अनावर्ती अनुदान प्रदान की जाती है। बच्चों के भरण-पोषण, आकस्मिक व बच्चों के बैडिंग भत्ता व गृहों के स्टाफ के वेतन के लिए आवर्ती अनुदान प्रदान की जाती है। केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा इस प्रकार हैः

(i) 100 संवासियों को रखने की धारिता क्षमता के किशोर गृह या विशेष गृह का निर्माण - 12.50 लाख रुपए;

(ii) 50 बच्चों के रहने की क्षमता के प्रेक्षण गृह का निर्माण - 9.036 लाख रुपए;

(iii) फर्नीचर, उपकरण और बर्तन - किशोर/विशेष गृह के लिए 25,000 रुपए और प्रेक्षण गृह के लिए 10,000 रुपए;

(iv) भरण-पोषण अनुदान - सरकार द्वारा संचालित गृहों के लिए प्रति बालक प्रतिमाह 250 रुपए और गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित गृहों के लिए प्रति बालक प्रतिमाह 225 रुपए;

(v) आकस्मिक भत्ता - सरकार द्वारा संचालित गृहों के लिए प्रति बालक 5 रुपए प्रतिमाह और गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित गृहों के लिए 4.50 रुपए;

(vi) बिस्तर भत्ता - सरकार द्वारा संचालित गृहों के लिए 50 रुपए प्रति बालक प्रतिवर्ष और गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित गृहों के लिए 45 रुपए प्रति बालक प्रतिवर्ष; और

(vii) उपर्युक्त (i) व (ii) में वर्णित मानकों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं के आकलन पर मौजूदा गृह के उन्नयन के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है।

(ख) बेसहारा बच्चों के लिए समेकित कार्यक्रमः

यह मंत्रालय विशेषतौर से बिना घर एवं पारिवारिक बन्धनों के बेसहारा बच्चों, यौन कामगारों तथा सड़क पर रहने वाले बच्चे जो दुरूपयोग और शोषण के प्रति विशेषतौर से संवदेनशील हैं, के पूर्ण विकास के लिए आवश्यक गैर संस्थागत समर्थन प्रदान करने के लिए " बेसहारा बच्चों के लिए समेकित कार्यक्रम " नामक केन्द्रीय क्षेत्र योजना को कार्यान्वित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, आश्रय, पोषाहार, स्वास्थ्य देखरेख, स्वच्छता और स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा और मनोविनोद सुविधाओं का प्रावधान है।

उद्देश्यः

निराश्रित और उपेक्षित बेसहारा बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और शोषण से बचाव के लिए आश्रय, पोषण, स्वास्थ्य देखरेख, स्वच्छता, स्वास्थ्य, साफ पेयजल, व्यावसायिक प्रशिक्षण, शिक्षा और मनोविनोद सुविधाएं प्रदान करना ।
देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चों को चाइल्ड हैल्प लाइन सेवा प्रदान करना ।

लाभ किसको मिलना है?

(1) विशेषतौर पर बिना घर और परिवार वाले बेसहारा बच्चे; और
(2) यौन कामगारों तथा पटरी पर रहने वाले बच्चे, जो दुर्व्यवहार एवं शोषण के प्रति विशेषतौर से संवेदनशील हैं ।

कार्यान्वयन एजेंसियां

(1) राज्य सरकारें और संघ राज्य - क्षेत्र प्रशासन ।
(2) सरकार द्वारा स्वायत्त निकायों के रूप में स्थापित संस्थान या संगठन जो या तो संविधि या सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 या अन्य के अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी के रूप में हो ।
(3) स्थानीय निकायों तथा सहकारी सोसाइटियों के जैसे शैक्षिक और अन्य संस्थाएं ।
(4) ऐसे गैर सरकारी संगठन जो उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, विधिवत् गठित प्रबन्ध/कार्यकारी समिति हो, बिना किसी बाहरी नियंत्रण के लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर संचालित हो और किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के निकाय के लाभ के लिए नहीं चलाई जा रही हो ।

भारत सरकार योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 90% प्रदान करेगी और शेष संबंधित संगठन/संस्था द्वारा वहन किया जाएगा । राज्य सरकार/नगरपालिकाओं निकायों के मामले में, सीधे ही कार्य निष्पादन का दायित्व लेने में वित्त पोषण का तरीका भारत सरकार तथा राज्य सरकार/नगर निगम के बीच 90 : 10 के अनुपात में होगा । तथापि, जहां सभी कार्यकलाप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा शुरू किए जाते हैं, वहां लागत का 100 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा ।

क्या गैर-सरकारी संगठन अनुदान के पात्र हैं:

ऐसे गैर सरकारी संगठन जो उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हों, जिनकी विधिवत् रूप से गठित प्रबन्ध/कार्यकारी समिति हो, बिना किसी बाहरी नियंत्रण के

लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर संचालित हो और किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय के लाभ के लिए नहीं चलाई जा रही हो, अनुदान के लिए पात्र हैं ।

प्रस्तावों के लिए पूर्वापेक्षाएं

संबंधित गैर-सरकारी संगठन/संस्थाओं को निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करते हुए समेकित प्रस्ताव भेजने चाहिएः

(1) पूर्व वर्ष में जारी अनुदानों के संबंध में लेखा परीक्षित लेखों सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र ।
(2) वर्ष का अनुमानित बजट
(3) लाभार्थियों का ब्यौरा
(4) पूर्व वर्ष की प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक रिपोर्ट
(5) रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र
(6) संगम ज्ञापन
(7) प्रबन्धन समिति का ब्यौरा
(8) नियोजित स्टाफ का ब्यौरा
(9) वैध किराया अनुबंध-पत्र, यदि कोई हो ।

सहायता राशिः

इस योजना के अंतर्गत दो तरह की अनुदान, अनावर्ती और आवर्ती प्रदान की जाती है । प्रिंटर सहित कंप्यूटर, कंप्यूटर पुर्जे, टेलिफोन लगाने, पेजर, फर्नीचर व जुड़ी हुई वस्तुओं को खरीदने के लिए अनावर्ती अनुदान प्रदान की जाती है । आवर्ती और अनावर्ती अनुदान 250 रुपए प्रति बालक प्रतिमाह प्रदान की जाती है । इस अनुदान का उपयोग प्रत्येक वैयक्तिक एजेंसी के विवेक पर छोड़ा गया है । 15 लाख रुपए प्रति वर्ष तक की उपयुक्त राशि कार्यकलाप और सेवा की प्रकृति के आधार पर प्रत्येक परियोजना को आवर्ती लागत के रूप में स्वीकृत की जाएगी । सचिव (सामाजिक न्याय और अधिकारिता) द्वारा अपवादात्मक मामलों में अधिकतम सीमा में छूट दी जा सकती है ।

ग. समाज रक्षा सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वैच्छिक संगठनों को सामान्य सहायता अनुदान की सहायता

यह मंत्रालय " समाज रक्षा के क्षेत्र में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सामान्य सहायता अनुदान कार्यक्रम " की केन्द्रीय क्षेत्र योजना को कार्यान्वयित कर रहा है

जिसकी व्यवस्था उन कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए की गई है जिन्हें मंत्रालय की विद्यमान योजनाओं के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है । विशेष रूप ये यह योजना उन अप्राधिकृत क्षेत्रों में प्रायोगिक परियोजनाओं का प्रावधान करती है, जिनमें मंत्रालय यथासमय स्वतंत्र कार्यक्रमों को तैयार करने की इच्छा कर सकता है । इस योजना के अंतर्गत फिलहाल यौन कार्यकर्ताओं के बच्चों के पुनर्वास के लिए बहुत से कार्यक्रमों को सहायता दी जा रही है । विधवाओं के पुनर्वास के लिए परियोजनाओं को सहायता देने और बच्चों और महिलाओं विशेष रूप से शारीरिक हिंसा और यौन उत्पीड़न के पीड़ित अभिद्यातज बच्चों और महिलाओं को परामर्श व सहायता देने के लिए भी प्रयास किए गए हैं । उड़ीसा में महाचक्रवात के पीड़ितों और जम्मू - व कश्मीर में आतंकवाद से प्रभावित अनाथों और विधवाओं व गुजरात के दंगा पीड़ितों को भी सहायता दी गई है ।

निदर्शी मध्यस्थता क्षेत्रः

(क) समस्या वाले क्षेत्रों का सामना करने के लिए परियोजनाएं, जिनको अपेक्षाकृत सेवा प्रदान नहीं की गई है, लेकिन जिनके लिए इसकी अत्यन्त आवश्यकता है;

(ख) परियोजनाएं जो विद्यमान सेवाओं से आवश्यक अन्तर को पूरा करती हैं तथा उनकी अनुपूरक हैं, जिससे प्रभाव को उच्चतम सीमा तक बढ़ाया जा सके ।

(ग) परियोजनाएं जो एकीकृत सेवाएं प्रदान करती हैं, सभी घटकों की एक स्रोत द्वारा वित्तीय रूप से सहायता किए जाने की आवश्यकता नहीं है;

(घ) परियोजनाएं जो निवारक, सुरक्षा तथा विकास एवं पुनर्वास सेवाएं प्रदान करती हैं;

(ड़) घोर सामाजिक समस्याओं से निपटने के लिए परियोजनाएं, जिनसे आम राय बनायी तथा सहायता जुटायी जा सकें;

(च) समाज कल्याण संबंधी कार्यकलापों के लिए कार्यकर्त्ताओं के प्रशिक्षण हेतु परियोजनाएं; और

(छ) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की किसी मौजूदा योजना द्वारा शामिल न की गई परियोजनाएं ।

लाभ किसको मिलना है?

(1) विशेष रूप से बिना घर और परिवार के बेसहारा बच्चे; और

(2) यौन कामगारों तथा पटरी पर रहने वाले बच्चे, जो दुरुपयोग एवं शोषण के प्रति विशेषतौर से संवेदनशील हैं ।

कार्यान्वयन एजेंसियां

(1) स्वैच्छिक संगठन/संस्थाएं/विश्वविद्यालय/अनुसंधान संस्थान/स्कूल/सांविधिक निकाय यथा पंचायती राज संस्थाएं/नगर निगमों/टाउन एरिया कमेटियां/रेड क्रॉस सोसाइटियां तथा इसकी शाखाएं । भारतीय सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का अधिनियम 21) के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी अथवा धर्मार्थ अलाभान्वित कम्पनी या इस समय लागू किसी कानून के अंतर्गत पंजीकृत सार्वजनिक निकाय और समाज कल्याण करने तथा बढ़ावा देने में लगा पंजीकृत गैर सरकारी संगठन ।

इस योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता आवर्ती तथा अनावर्ती व्यय की अनुमोदित लागत के 90% तक दी जाएगी तथा शेष 10% स्वैच्छिक एजेंसी अथवा अन्य संगठन किन्तु अधिमान्य स्वयं स्वैच्छिक संगठन द्वारा वहन की जाएगी । अपेक्षाकृत नए क्षेत्रों में कार्य कर रहे संगठनों के मामलों में जहां स्वैच्छिक तथा सरकारी दोनों प्रयास बहुत सीमित हैं किन्तु सेवा की आवश्यकता बहुत है, वहां सरकार शत-प्रतिशत लागत वहन कर सकती है । भवन अनुदान के मामले में, सरकारी अनुदान 10.00 लाख रुपए तक सीमित रखी जाएगी । जहां तक इस योजना के तहत अनावर्ती अनुदान सहायता का संबंध है, प्रति परियोजना 10 लाख रुपए वार्षिक की सीमा बनाए रखी जाएगी । तथापि, अपवाद स्वरूप मामलों में, इस सीमा में सचिव (सामाजिक न्याय और अधिकारिता) द्वारा छूट दी जा सकती है ।

क्या गैर-सरकारी संगठन अनुदान के लिए पात्र हैं:

स्वैच्छिक संगठन/संस्थाएं/विश्वविद्यालय/अनुसंधान संस्थान/स्कूल/सांविधिक निकाय यथा पंचायती राज संस्थाएं/नगर निगम/ टाउन एरिया कमेटियां/रेड क्रॉस सोसाइटियां तथा इसकी शाखाएं । सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 (1860 का अधिनियम 21) के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी अथवा धमार्थ अलाभान्वित कम्पनी या इस समय लागू किसी कानून के अंतर्गत पंजीकृत सार्वजनिक निकाय और समाज कल्याण करने तथा बढ़ावा देने में लगा पंजीकृत गैर सरकारी संगठन । संगठन को संबंधित क्षेत्र में कम से कम 2 वर्ष कार्य करने का अनुभव हो अथवा उसे प्रस्तावित योजना शुरू करने के लिए सक्षमता का प्रमाण दिखाना होगा । यह किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के निकाय के लाभ के लिए संचालित नहीं किया जाना चाहिए । इसकी अपने लिखित नियम-संग्रह में स्पष्ट रूप से परिभाषित तथा निर्धारित शक्ति, कर्त्तव्य तथा दायित्वों के साथ उचित रूप से गठित प्रबन्धन समिति होनी चाहिए ।

प्रस्तावों की पूर्वापेक्षाएं :

संबंधित गैर सरकारी संगठनों/संस्थाओं को निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करते हुए निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार समेकित प्रस्ताव भेजने चाहिए ।

(1) विगम वर्ष जारी अनुदानों के संबंध में लेखा-परीक्षित लेखों सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र; (2) वर्ष का अनुमानित बजट; (3) लाभार्थियों का ब्यौरा; (4) पिछले वर्ष की प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक रिपोर्ट; (5) पंजीकरण प्रमाण-पत्र; (6) संगम ज्ञापन; (7) प्रबन्धन समिति का ब्यौरा; (8) कर्मचारी नियोजन का ब्यौरा; और (9) वैध किराया अनुबन्ध पत्र, यदि कोई हो।

सहायता राशि

(क) भवन का निर्माण अथवा मौजूदा भवनों का विस्तार या भवन का किराया, जिसमें सेवा दी जा रही है । (वार्डन, चौकीदार आदि के मामले को छोड़कर कर्मचारी आवास शामिल नहीं हैं) ;
(ख) कर्मचारी के वेतन तथा भत्ते; अल्प प्रशासनिक सहायता पर भी विचार किया जा सकता है;
(ग) उपस्कर, फर्नीचर आदि की लागत;
(घ) सेवा (शिक्षा, प्रशिक्षण, भोजन आदि) प्रदान करने के कारण, प्रभार;
(ड.) प्रशिक्षणार्थियों के मामले में वजीफा आदि; और
(च) अन्य प्रभार, जो कार्यक्रम को उचित रूप से चलाने के लिए आवश्यक हों ।

घ. देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद कामकाजी बच्चों के कल्याण की योजनाः

यह मंत्रालय " **देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद कामकाजी बच्चों के कल्याण की योजना** " नामक केन्द्रीय सेक्टर योजना को कार्यान्वित कर रहा है जो कामकाजी बच्चों को गैर-औपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित उन सुविधाओं को प्रदान करने के लिए हैं ताकि जिन मामलों में ऐसे बच्चों ने कोई शिक्षा नहीं ली है या कुछ कारणों से उनकी शिक्षा बन्द हो गयी है, उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में लाया/पुनः लाया जा सके और भविष्य में इनका शोषण न हो । कार्यक्रम घटक हैं- (क) शिक्षा पद्धति की मुख्यधारा में लाने/पुनः लाने में सहायता करना क्योंकि अध्ययन करने वाला बच्चा कामकाजी नहीं होता है; और (ख) लक्षित वर्गों के अभिभावकों, परिवार के मुखिया, नातेदारों को परामर्श देना, ताकि उनके बच्चों का शोषण रोका जा सके ।

लाभ किसको मिलना है?

कार्यक्रम शहरी क्षेत्रों में उन परियोजनाओं को सहायता देगा जो श्रम मंत्रालय की विद्यमान योजनाओं द्वारा पहले शामिल नहीं की जा रही हैं । ये बाल श्रमिक और संभावित बाल श्रमिक, विशेष रूप से ऐसे बच्चे, जिनका कोई पारिवारिक सहारा नहीं है अथवा बहुत कम है जैसे मलिन बस्तियों/ पटरी पर रहने वाले/नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों के बच्चे, रेलवे प्लेटफार्म/रेलवे लाइन के आस-पास रहने वाले बच्चे, दुकानों, ढाबों, मैकेनिक दुकानों आदि में काम करने वाले बच्चे, घरेलू नौकर के रूप में लगे हुए ऐसे बच्चे, जिनके माता-पिता जेल में हैं, प्रवासी श्रमिकों/यौन कामगारों, कुष्ठ रोगियों के बच्चों के पूर्ण विकास के लिए सहायता प्रदान करती हैं ।

कार्यान्वयन एजेंसियां

(1) उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत कम से कम दो वर्षों के लिए पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन हो, जिससे कि यह कारपोरेट स्थिति और कानूनी व्यक्तित्व प्राप्त करें तथा समूह दायित्व इसके कार्यकलापों के लिए हो । इसकी एक उपयुक्त प्रशासनिक संरचना तथा विधिवत् गठित प्रबंध/कार्यकारिणी समिति हो । संस्था के समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों तथा उद्देश्यों में इस योजना का मूल उद्देश्य अर्थात् बाल कल्याण शामिल हो, और संगठन बाहरी नियंत्रण के बिना, लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर अपने स्वयं के सदस्यों द्वारा शुरू और नियंत्रित किया जाता हो ।

इस योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता आवर्ती तथा अनावर्ती व्यय की अनुमोदित लागत के 90 प्रतिशत तक दी जाएगी तथा शेष 10 प्रतिशत स्वैच्छिक एजेंसी अथवा अन्य संगठन किन्तु अधिमान्य स्वयं स्वैच्छिक संगठन द्वारा वहन की जाएगी । चयन किए गए संगठनों को अनुदान दो बराबर अर्द्ध वार्षिक किस्तों में जारी की जाएगी । उस वर्ष के लिए पहली किस्त (50 प्रतिशत) जिससे आवेदन संबंधित है, यथाशीघ्र जारी की जाएगी । तथापि, लेखाओं का संपरीक्षित विवरण तथा पूर्व वर्ष की निष्पादन रिपोर्ट, दूसरी किस्त की निर्मुक्ति से पूर्व प्रस्तुत करनी आवश्यक होगी । भारत सरकार से सहायता प्राप्त करने से पहले, संगठन, इस आशय के लिए निर्धारित प्रपत्र में 5 वर्ष के लिए वैध निरंतरता बाण्ड (कन्टीन्युटी बाण्ड) प्रस्तुत करेगा कि अनुदान की किसी तथा अथवा सभी शर्तों के अनुपालन न करने की स्थिति में ब्याज सहित पूरा अनुदान अथवा उसका भाग सरकार द्वारा लिए गए निर्णयानुसार लौटाना होगा ।

क्या गैर-सरकारी संगठन अनुदान के लिए पात्र हैः

उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत कम से कम दो वर्षों के लिए पंजीकृत गैर सरकारी संगठन हो । इसकी एक उपयुक्त प्रशासनिक संरचना तथा विधिवत् गठित

प्रबंध/कार्यकारिणी समिति हो । संस्था के समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों तथा उद्देश्यों में इस योजना का मूल उद्देश्य अर्थात् बाल कल्याण शामिल हों, और संगठन बाहरी नियंत्रण के बिना, लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर अपने स्वयं के सदस्यों द्वारा शुरू और नियंत्रित किया जाता हो :

प्रस्तावों की पूर्वापेक्षाएं

संबंधित गैर सरकारी संगठनों/संस्थाओं को निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करते हुए निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार समेकित प्रस्ताव भेजने चाहिएः

(1) पूर्व वर्ष में जारी अनुदानों के संबंध में लेखा-परीक्षित लेखों सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र; (2) वर्ष का अनुमानित बजट; (3) लाभार्थियों का ब्यौरा; (4) पिछले वर्ष की प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक रिपोर्ट; (5) पंजीकरण प्रमाण-पत्र; (6) समझौता ज्ञापन; (7) प्रबन्धन समिति का ब्यौरा; (8) स्टाफ नियोजन का ब्यौरा; और (9) वैध किराया अनुबंध-पत्र, यदि कोई हो ।

सहायता राशि

दवाईयों, पोषण, प्रशिक्षणार्थियों का वजीफा, व्यावसायिक प्रशिक्षण सामग्री, ब्रिज शिक्षा के लिए सामग्री इत्यादि पर आवर्ती व्यय अनुमत हैं । बिजली, पानी प्रभार/स्टेशनरी, किराया और स्टाफ को मानदेय इत्यादि जैसी आकस्मिकताएं भी अनुमत हैं ।

कृपया अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.adoptionindia.nic.in देंखे ।

ड. केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन एजेंसी (कारा): केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन एजेंसी (कारा) की स्थापना तत्कालीन कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के एक विंग के रूप में 28 जून, 1990 को की गई थी । इसके बाद इसे 18 मार्च, 1999 में सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम,1860 के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय के रूप में पंजीकृत किया गया । इस निकाय का उद्देश्य देश में दत्तकग्रहण को प्रोत्साहित करना है और साथ ही साथ देश में दत्तकग्रहण न हो पाए बच्चों का देश से बाहर दत्तकग्रहण करवाने में सहायता देना है ।

कारा द्वारा " देश में दत्तकग्रहण को प्रोत्साहित करने के लिए शिशु गृहों को सहायता की योजना" नामक एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित की जा रही है ।

नशीली दवा निवारण प्रभागः

(क) मद्यपान और नशीले द्रव्य (पदार्थ) दुरुपयोग निवारण योजना: भारत के संविधान के अनुच्छेद 47 में राज्य को निदेश है कि राज्य, अपने लोगों के पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने और लोक स्वास्थ्य के सुधार को अपने प्राथमिक कर्त्तव्यों में मानेगा और राज्य, विशिष्टतया, मादक पेयों और स्वास्थ्य के लिए हानिकर औषधियों के, औषधीय प्रयोजनों से भिन्न, उपभोग का प्रतिषेध करने का प्रयास करेगा ।

" कार्य आबंटन नियमा, 1962 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को आबंटित विषयों की मद 16 के अंतर्गत, यह मंत्रालय मद्यपान और नशीले द्रव्य (पदार्थ) दुरुपयोग और व्यसनियों/परिवारों के पुनर्वास संबंधी सभी मामलों के लिए जिम्मेवार है ।

अपने युवा और उत्पादक वर्गों में मद्यपान और नशीले पदार्थों के दुरूपयोग की बढ़ती हुई प्रवृत्ति, और व्यसनियों के पुनर्वास के लिए निवारण जागरूकता और सेवाओं द्वारा समुदाय को सशक्त करने की आवश्यकता को देखते हुए, मंत्रालय ने निवारण शिक्षा, जागरूकता सृजन, पहचान, प्रेरणात्मक परामर्श, उपचार, पुनर्वास, उपचार के बाद देखभाल और मद्यपान और नशीले पदार्थ दुरुपयोग निवारण के लिए जनशक्ति विकास इत्यादि हेतु सेवाएं प्रदान करने के लिए 1985-86 में मद्यपान और नशीले द्रव्य (पदार्थ) निवारण योजना शुरू की है । योजना के कार्यान्वयन में प्राप्त अनुभव और बदलती स्थितियों के मद्देनजर, योजना को वर्ष 1994 के शुरू में और फिर 1999 में संशोधित किया गया है ।

(ख) मद्यपान और नशीले द्रव्य (पदार्थ) दुरुपयोग निवारण योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय संसाधन व प्रशिक्षण केन्द्र के रखरखाव के लिए सहायता-अनुदान

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय मद्यपान और नशीले द्रव्य (पदार्थ) दुरुपयोग निवारण योजना कार्यान्वित कर रहा है । स्थानीय आवश्यकताओं के संगत प्रशिक्षण व्यवस्था को विकेन्द्रित करने के लिए, आठ संस्थानों (गैर सरकारी संगठनों को देश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में निर्दिष्ट किया गया है । इन केन्द्रों को कार्यक्रमों के नियमित मॉनीटरिंग, सेवा प्रदानकर्त्ताओं की प्रशिक्षण आवश्यकताओं के निर्धारण और क्षेत्रीय स्तर पर क्षेत्रीय मुद्दों के समर्थन के लिए निर्दिष्ट

किया गया हैं । यह प्रबन्ध देश के आकार और क्षेत्रीय विविधताओं के कारण अपेक्षित कार्यनीतियों के मद्देनजर किया गया है ।

क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (उत्तरी क्षेत्र) उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ राज्यों के लिए यूथ एंड मासिस विकास सोसाइटी ।

क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (दक्षिण क्षेत्र) : पांडिचेरी, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और लक्षद्वीप राज्यों के लिए टी0टी0 रंगनाथन क्लीनिकल अनुसंधान संस्थान, चैन्नै ।

क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (पश्चिम क्षेत्र) गोवा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, दमन व दीव, दादर व नागर हवेली, गुजरात राज्यों के लिए मुक्तांगन मित्र, पुणे ।

क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (पूर्वी क्षेत्र) पश्चिम बंगाल (दार्जिलिंग को छोड़कर) अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, उड़ीसा और दक्षिण त्रिपुरा राज्यों के लिए विवेकानन्द शिक्षा सोसाइटी, कोलकाता ।

क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (पूर्वी क्षेत्र) झारखंड, बिहार, सिक्किम, दार्जिलिंग राज्यों के लिए कलकत्ता समैरिटन, कोलकाता ।

क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (पूर्वोत्तर क्षेत्र): नागालैंड, मेद्यालय, पूर्वी–अरुणाचल प्रदेश राज्यों के लिए कृपा फाउन्डेशन, कोहिमा ।

क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (पूर्वोत्तर क्षेत्र) मणिपुर और असम राज्यों के लिए ग्लेक्सी क्लब, इम्फाल, मणिपुर ।

क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (उत्तरी क्षेत्र) मिजोरम और उत्तरी त्रिपुरा राज्यों के लिए मिजोरम समाज रक्षा व पुनर्वास बोर्ड, आइजोल ।

इस योजना के अंतर्गत, अन्य बातों के साथ–साथ सहायता निम्नलिखित के लिए भी प्रदान की जाती हैः

(1) मानव संसाधन कार्मिकों को मानदेय

(2) परिवहन

(3) टेलिफोन, स्टेशनरी, दवाईयों, कार्यालय व्यय, बिजली और पानी प्रभार, उपस्करों और इनके रखरखाव पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए आकस्मिकताएं

(4) किराया

(5) पुस्तकों की खरीद के लिए लाइब्रेरी व्यय

वित्तपोषण पद्धतिः निर्धारित लागत मानकों के आधार पर परियोजना के लिए बजट की गई राशि को अनुदान के रूप में प्रदान किया जाता है। अनुदान दो किस्तों में जारी की जाती है । संगठन द्वारा किए गए कार्यकलापों, वित्तीय विवरण इत्यादि से संबंधित दस्तावेजों के साथ भेजे गए प्रस्तावों के आधार पर प्रथम किस्त (कुल अनुदान के 50%) को जारी किया जाता है । मंत्रालय/राष्ट्रीय/समाज रक्षा संस्थान के अधिकारियों से निरीक्षण रिपोर्ट के प्राप्त होने के बाद दूसरी किस्त जारी की जाती है ।

सहायता अनुदान के लिए आवेदनः सहायता अनुदान के लिए आवेदन निर्धारित प्रपत्र में किया जाना है । अन्य बातों के साथ-साथ आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिएः

(च) लेखा-परीक्षित लेखे

(छ) उपयोग प्रमाण-पत्र

(ज) लाभार्थियों की सूची

(झ) शैक्षिक/विशेष शैक्षिक योग्यता और अनुभव के साथ स्टाफ की सूची

(ञ) प्रबन्ध समिति सदस्य, ज्ञापन और संस्था के अंतर्नियम की सूची

(ग) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) प्रायोजित एच0आई0वी0/एड्स निवारण कार्यक्रम

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के सहयोग से एक प्रायोगिक हस्तक्षेप को कार्यान्वित कर रहा है, जिसमें उपचार-सह-पुनर्वास केन्द्रों को चलाने वाले 100 गैर सरकारी संगठनों को एच आई वी/एडस फील्ड वर्करों के साथ सशक्त किया गया है ताकि ये संगठन अपने लक्षित समूह के मध्य एच आई वी/एड्स संबंधी मुद्दों का समाधान कर सकें । नाको द्वारा निधि प्रदान की जाती हैं । उपचारी हस्तक्षेप कार्यनीतियों के भाग के रूप में एच आई वी/एड्स निवारण के अन्य कार्यकलापों में शामिल हैः

- ➢ एच आई वी/एड्स के मुख्य मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम करना
- ➢ समुदाय आधारित कार्यक्रम
- ➢ निवारण परामर्श प्रदान करना
- ➢ एच आई वी/एड्स विशेष संक्रामित रोग, सेक्स और लैंगिकता संबंधी बेसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर सूचना और जानकारी प्रदान करना
- ➢ जांच, परामर्श और उपचार के लिए रेफरल सुविधाएं देना

वित्तपोषण तरीकाः निर्धारित लागत मानकों के आधार पर परियोजना के लिए बजट की गई राशि को अनुदान के रूप में प्रदान किया जाता है । अनुदान एक किस्त में जारी की जाती है । संगठन द्वारा किए गए कार्यकलापों, वित्तीय विवरण इत्यादि से संबंधित दस्तावेजों के साथ भेजे गए प्रस्तावों के आधार पर अनुदान जारी की जाती है ।

सहायता अनुदान के लिए आवेदनः सहायता अनुदान के लिए आवेदन निर्धारित प्रपत्र में किया जाना है । अन्य बातों के साथ-साथ आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिए:

क) लेखा परीक्षित लेखे;
ख) उपयोग प्रमाण-पत्र; और
ग) कार्यकलापों पर छमाही रिपोर्ट ।

(यूनाइटेड नेशंस आफिस आन ड्रग्स एंड क्राइम) के सहयोग से कार्यान्वित परियोजनाएं

नशीले पदार्थ दुरूपयोग और एच आई वी/एड्स के बीच स्थापित संबंध और नशीले पदार्थों का दुरूपयोग करने वालों के बीच एच आई वी/एड्स के निवारण की अत्यंत आवश्यकता को देखते हुए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय निम्नलिखित परियोजनाओं को कार्यान्वित करने में यू एन ओ डी सी के साथ स्टेक-होल्डरों में से एक हैं:

- दक्षिण एशिया में प्रचलित नशीले पदार्थों की मांग में कमी से संबंधित कार्यक्रमों में एच आई वी/एड्स की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने के लिए क्षेत्रीय पहल;

- सार्क देशों में नशीली दवा दुरूपयोग करने वालों में एच आई वी के संक्रमण का निवारण;

- दक्षिण एशिया के संवेदनशील ग्रुपों के बीच एच आई वी के फैलाव को रोकना;
- नशीले पदार्थों का सेवन करने वाली महिलाओं और नशीले पदार्थ इस्तेमालकर्त्ता पुरुषों की महिला संगियों में नशीले पदार्थ संबंधित एच आई वी संवेदनशीलता को कम करना; और
- भारत में नशीले पदार्थ दुरूपयोग और एच आई वी/एड्स के निवारण हेतु समुदायों को सशक्त करना ।

2.7. विभिन्न स्तरों पर संगनात्मक संरचना चार्ट

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का संगठनात्मक चार्ट

मंत्री(सा. न्याय. और अधि.)

▲

राज्य मंत्री(सा.न्या. और अधि)

▲

सचिव(सा.न्या.और अधि)

▲

अपर सचिव

अनु.जाति वि. ब्यूरो संयु.सचिव(अ.जा.वि.) **(श्री सेवा राम)**	विकलांग जन ब्यूरो संयु.सचिव(वि.वि.) (श्री जी.एन. पेगू)	स. र. ब्यूरो संयुक्त सचिव(स.रक्षा) **(श्री पी.एन.मूर्ति)**	अल्प व पि. वर्ग ब्यूरो सं.स.(अस व पि.वर्ग)	वित्त (सं. सचिव व वित्त. सला.) **(श्री एम. साहू)**
1. अजावि.-I प्रभाग (श्री बी. मलिक, निदेशक)	**1. विवि-II,IV वV प्रभाग** (श्री सर्वेश राय, उस)	**1. डीपी-I वII प्रभाग** **(श्री पी.के. जाजौरिया, निदेशक)**	**अल्पसंख्यक प्रभाग** **(श्री बी.के. पाण्डेय, निदेशक)**	**वित्त-I** **(श्री कुमावत, निदेशक)**
(i)**अनु.जाति वि**-I अनुभाग	(i) वि वि-II अनुभाग (ii) वि वि-IVअनुभाग (iii) वि वि-Vअनुभाग	(i) डीपी-I अनुभाग (जीआर) (ii) डीपी-II अनुभाग (जीआर)	(i) राअसंविविनि (ii)15 सूत्री कार्य. (iii) वकफ (iv भाषायी अल्प.आयु.	(i) डीडी (ii) अ.स.व.पि.व (iii) अजावि का भाग
2. अजावि-II प्रभाग (श्री एन. शरन, उप सचिव)	**2. एनआई व विवि** **(श्रीमती. मृदुल जैन, निदेशक)**	**2. बाल कल्याण प्रभाग** **(श्री जे.एस. कोचर, निदेशक)**	**2. पिछड़ा वर्ग प्र.** **(श्री वी.बी. पचनन्दा, निदेशक)**	**वित्त-II** **(श्री यादव, उस)**
(i) **अनु.जाति वि**-II अनुभाग	(i) एनआई-I अनुभाग (ii) एनआई-II अनुभाग (iii) विवि-V अनुभाग	(i) बाल कल्याण	(i) पि.व-I अनुभाग (ii) पि.व-II अनुभाग	(i) स.र (ii) बजट

3. अजावि-III प्रभाग
(श्री हाग सिंह, निदेशक)

(i) अजावि-III अनुभाग

4. अजावि-IV वV प्रभाग
(श्री एच. अहमद, निदेशक)

(i) अनु.जाति वि-IV अनुभाग

(ii)अनु.जाति वि-V अनुभाग

5. अजावि-VI प्रभाग
(श्री सिद्दीकी, उप सचिव)

(i) अनु.जाति वि-VI अनुभाग

(ii) आरएल सैल

6. आरएल सैल, पीसीआर व संसद. प्रभाग
(श्री मल्होत्रा, निदेशक)

(i) आरएल सैल

(ii) संसदीय

(iii) पीसीआर

(iv) मॉनीटरिंग सैल

3. विवि-III प्रभाग
(श्री आशिष कुमार, निदेशक)

(i) विवि-III अनुभाग

4. स्थापना प्रभाग
(जी.एस.राजू निदेशक)

(i)**स्थापना**-I

(ii) **स्थापना**-II

(iii) सामान्य-I

(iv)सामान्य-II

5. समन्वय प्रभाग
(श्री डी. श्रीवास्तव, उस)

6. मीडिया एकक

(i) मीडिया सैल

7. प्रेम डिवीजन
(वी.एस. नाइक)

3. वृद्धावस्था(नि.अनु)
(श्री जी.के. सिंह, उस)

(i) वृद्धावस्था

4. डीपी –III प्रभाग
(श्री डी. श्रीवास्तव, उस)

(i) डीपी-III* नीति)

3. मौआशिप्र व राअसंआ प्रभाग
(श्री एससी गुलाटी, उस)

(i)**मौआशिप्र**

(ii) **राअसंआ**

वित्त-III
(श्री टोपनो, उस)

(i) एससीडी प्रमुख भाग

संगठनों के लिए प्रयोग किया गया शब्द संक्षेप

पिव	पिछड़ा वर्ग
सम	समन्वय
डीडी	विकलांगता प्रभाग
नि	निदेशक
प्र	प्रभाग
नशा	नशा दुरुपयोग निवारण
उस	उप सचिव
विस	वित्तीय सलाहकार
अनु.	अनुदान
संस	संयुक्त सचिव
असएवंपिव	अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग
मौआशिप्र	मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान
रा.अ.आ.	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
रा.सं.	राष्ट्रीय संस्थान
रा.अ.वि.वि.नि.	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम
पी सी आर	सिविल अधिकार संरक्षण
प्रेम	आयोजना, अनुसंधान, मूल्यांकन व मानीटरिंग
आर आई	रिपोर्ट कार्यान्वयन
आर एल	सूची संशोधन
स.र.	समाज रक्षा

2.8 लोक प्राधिकरण की प्रभावकारिता और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए जनता से उम्मीदें।

- मंत्रालय को यह आशा है कि गैर सरकारी संगठन और अन्य स्टेकहोल्डर्स मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत यथा निर्धारित तथा इन योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए विहित माप दंडों के अनुसार पूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ।
- गैर सरकारी एजेन्सियों से यह आशा है कि वे इंटरनेट के माध्यम से नियमित प्रगति रिपोर्ट तथा पहले जारी किए गए अनुदानों का उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजें ।
- इसकी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत छात्रवृत्तियों का लाभ प्राप्त करने के लिए ज्यादा से ज्यादा ग्राहकी समूहों की भागीदारी ।
- अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम,1955 तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबंधों की पूरी तरह से जानकारी हो, साथ ही उन्हें जाति प्रमाण-पत्र जारी करने संबंधी आदेशों और विषयों के बारे में भी पता होना चाहिए ।
- मंत्रालय को सफाई कर्मचारियों में पूरी तरह जागरूकता लाने की उम्मीद है जिससे कि हाथ से मैला साफ करने की कुरीति को सन 2007 तक पूरी तरह से दूर किया जा सके ।
- मंत्रालय को सार्थक और उपयोगी सुझावों की आशा भी है जिनसे बेहतर सेवा प्रदान करने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मंत्रालय को सहायता की जा सके।
- वेबसाइट www.socialjustice.nic.in तथा भूतल ए विंग में स्थित सूचना सुविधा केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं को देखें (स्टेट बैंक आफ पटियाला के बगल में)
- मंत्रालय, वृद्ध व्यक्तियों के कल्याण के लिए कानूनी और योजना संबंधी विषयों की नीतिगत योजना बनाने के संबंध में नोडल मंत्रालय है । वृद्ध व्यक्तियों के कल्याण आदि में लगे एसोसिएशन/ स्वैच्छिक संगठन, व्यापक नीतिगत विषयों पर अपने सुझाव दें ।

2.9 लोक भागीदारी/ योगदान के लिए प्रबंध और पद्धतियां ।

- **जहां कहीं आवश्यक समझा जाता है, एसोसिएशनों,स्वैच्छिक संगठनों/ जनता में नीतिगत और अन्य संगत महत्वपूर्ण मामलों को परिचालित किया जाता है ।**
- **गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न विषय क्षेत्रों के विशेषज्ञों जैसे चिकित्सा व्यावसायिकों, पुनर्वास व्यावसायिकों, सामाजिक कार्यकत्ता आदि और राष्ट्रीय निशक्त व्यक्ति अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए गठित विभिन्न समितियों जैसे केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति, केन्द्रीय समनवय समिति के सदस्य ।**

- गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि और विभिन्न विषय क्षेत्रों के विशेषज्ञ जैसे चिकित्सा व्याससायिकों, पुनर्वास व्यावसायिकों, सामाजिक कार्यकत्ता को भारतीय पुनर्वास परिषद की साधारण परिषद और कार्यकारिणी समिति में भी प्रतिनिधित्व होता है ।

- दीनदयाल विकलांग जन पुनर्वास योजना के अधीन, सहायता अनुदान के लिए नए संगठन का चयन एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा किया जाता है जो अध्यक्ष के रूप में संयुक्त सचिव (वि. प्रभाग) तथा जनता के दो सदस्यों से बनी होती है ।

- राष्ट्रीय निःशक्त व्यक्ति निधि जनता से पांच सदस्यों को अपने बोर्ड में मनोनीत करती है ।

- राष्ट्रीय विकलांग व्यक्ति कल्याण पुरस्कार योजना में भी, पुरस्कारों के लिए योग्य व्यक्तियों का चयन करने हेतु अपनी स्क्रीनिंग समिति में सार्वजनिक जीवन के पांच व्यक्तियों को शामिल करने की व्यवस्था है ।

- राष्ट्रीय संस्थानों की कार्यकारिणी समितियों और साधारण समितियों की बैठकों में जनता से सामाजिक कार्यकर्त्ता/ विशेषज्ञ/ प्रख्यात व्यक्ति प्रतिनिधित्व करते हैं । कार्यकारिणी समितियों और साधारण समितियों की बैठकों में, वे राष्ट्रीय संस्थानों के कार्यकरण संबंधी विभिन्न विषयों पर अपनी राय दे सकते हैं ।

- सहायक यंत्रों और उपकरणों की खरीद / फिटिंग के लिए विकलांग व्यक्तियों की सहायता की गैर सरकारी संगठनों की योजना(एडिप) में, सहायक यंत्रों के वितरण के लिए अनुदान मांगने के अनेक अनुरोध प्राप्त होते हैं जो इस योजना के क्रियान्वयन में लोक भागीदारी के निवेदन की अन्य विधि है ।
- मंत्रालय प्राथमिकता वाले अनुसंधान क्षेत्रों का पता लगाता है जिन्हें देश के सभी विश्वविद्यालयों/ विभागों और विशेषज्ञ अनुसंधान संस्थाओं में व्यापक रूप से परिचालित किया जाता है और उनसे अनुसंधान प्रस्ताव प्राप्त किए जाते हैं । प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की सूची को व्यापक प्रचार और सर्वसाधारण की जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात **www.socialjustice.nic.in** पर भी डाल दिया गया है ।

- अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों सहित कमजोर वर्गों के लिए कोचिंग व संबद्ध सहायता के अंतर्गत, सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अध्यक्षता में बनी चयन समिति द्वारा अनुसूचित जाति विकास ब्यूरो के तहत संस्थाओं का चयन किया जाता है । इस समिति में इस समय जनता से लिए गए दो सदस्यों को शामिल किया गया है ।

- अनुसूचित जातियों के लिए कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदानों की योजना के अंतर्गत, संयुक्त सचिव (अनुसूचित जाति विकास), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में बनी स्क्रीनिंग समिति द्वारा गैर-सरकारी संगठनों/ स्वैच्छिक संगठनों का चयन किया जाता है । इस समिति में इस समय जनता से दो सदस्य शामिल किए गए हैं ।

- अनुसूचित जातियों आदि के छात्रों के लिए विदेश में अध्ययन के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत, छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए चयन के हेतु स्क्रीनिंग समिति का अध्यक्ष और चयन समिति का अध्यक्ष और सदस्य को विश्वविद्यालय/ संस्थाओं से लिए गए शिक्षाविदों के पैनल से लिए जाते हैं ।
- नीतिगत और संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को एसोसिशनों/ स्वैच्छिक संगठनों/जनता में परिचालित किए जाते हैं । सभी सूचनाएं वैब साइट (www.socialjustice.nic.in). पर डाल दी जाती हैं। परामर्श और बैठकें की जाती हैं।

- **गैर सरकारी संगटनों के प्रतिनिधि और वृद्धावस्था संबंधी विषय क्षेत्रों के विशेषज्ञ, विभिन्न समितियों के सदस्य होते हैं जैसे कि राष्ट्रीय वृद्धजन परिषद जिसका गठन विभिन्न वृद्ध व्यक्तियों के कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु किया गया है ।**

- **बाल कल्याण प्रभाग के अधीन, इस नीति और अन्य संबंधित महत्वपूर्ण् विषयों पर,जहां कहीं आवश्यक समझा जाता है, राज्य सरकारों, एसोसिशनों/ स्वैच्छिक संगठनों से परामर्श किए जाते हैं ।" किशोर न्याय कार्यक्रम" योजना के अंतर्गत, राज्य और राज्य से मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित संस्थाओं के संबंध में राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को निधियां सीधे जारी की जाती हैं (त) एकीकृत बेसहारा बाल कार्यक्रम; (त्त) समाज रक्षा के क्षेत्र में सामान्य सहायता अनुदान के लिए स्वैच्छिक संगठनों को सहायता ; और (त्त्त) देख-रेख और संरक्षण के जरूरतमंद कामकाजी बच्चों की योजना नामक योजनाओं के अंतर्गत स्क्रीनिंग समिति का उपबंध है जो संयुक्त सचिव, (समाज रक्षा) अध्यक्ष के रूप में तथा सदस्यों के रूप में जनता से लिए गए दो व्यक्तियों को ही मिलकर बनती है जिससे कि चयन किया जा सके ।**

2.10 सेवाएं प्रदान करने और लोक शिकायत प्रस्ताव की मानीटरिंग हेतु उपलब्ध क्रियाविधि ।

- मंत्रालय में जनता और मंत्रालय के कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए सूचना केंद्र और लोक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ है । प्रकोष्ठ के कार्यों को निदेशक तथा संयुक्त सचिव देख रहे हैं ।

8.	मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान	यह प्रतिष्ठान विशेष रूप से अल्पसंख्यकों और सामान्य रूप से अन्य के बीच समाज के शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के बीच शिक्षा को प्रोतसाहन देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान	1.00	1.00	30.00	30.00

		करता है ।				
			137.59	155.09	118.56	118.56

सचिवालय

1.	सचिवालय - सामाजिक सेवा	सचिवालय के स्थापना शुल्क वहन करने के लिए	1.00	1.00	2.00	2.00
1	पूर्वोत्तर तथा सिक्किम के लिए एक मुश्त प्रावधान	पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा सिक्किम में कार्यकलाप शुरू करने के लिए निधि प्रदान करने हेतु ।	1.00	1.00	2.00	2.00
	कुल योग		**1492.00**	**13422.86**	**1533.70**	**1533.70**

अध्याय - 13

नियम पुस्तिका - 12

सहायक कार्यक्रमों के निष्पादन का तरीका

{धारा4(1)(ख)(XII)के अंतर्गत}

यह मंत्रालय कोई सहायक कार्यक्रम कार्यान्वित नहीं करता है । तथापि, अनुसूचित जाति विकास - II विशेष केन्द्रीय सहायता प्रदान करता है, जिसके अंतर्गत नीचे यथा वर्णित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सहायक कार्यक्रमों के साथ कार्यान्वित की जाने वाली योजनाएं हो सकती हैं ।

अनुसूचित जाति विकास - II प्रभाग

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आर्थिक सहायता के अनुरूप (एससीए में से 10000 रुपए तक) विशेष केन्द्रीय सहायता का उपयोग के लिए लाभग्राहीउन्मुख विशिष्ठ परियोजना प्रस्ताव तैयार करना अपेक्षित है ।

अध्याय - 14

नियम पुस्तिका - 13

इसके द्वारा स्वीकृत रियायतों, परमिटों या प्राधिकार की प्रतियों का ब्यौरा

{धारा 4(1)(ख)(XIII)के अंतर्गत}

14.1 प्रपत्र के अनुसार कृपया सूचना दें :

यह मंत्रालय सार्वजनिक प्राधिकारी के रूप में बाल कल्याण के मामले को छोड़कर जैसा कि नीचे उल्लिखित है कोई रियायत, परमिट या प्राधिकार नहीं देता है ।

समाज रक्षा ब्यूरो के अंतर्गत बाल कल्याण प्रभागः

कभी कभी परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं होने के मामले में राज्यों संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को समय सीमा विस्तार की अनुमति दी जाती है । सहायता अनुदान जो वित्त वर्ष में उपयोग होने से बचा रह जाता है, उसे चालू वित्त वर्ष में अनुदान जारी करते समय घटा दिया जाता है ।

अन्य तीन योजनाओं के संबंध में गैर-सरकारी संगठनों/संस्थाओं को उनके संगम ज्ञापन में बाल कल्याण से संबंधित कार्यकलापों को शामिल करने के लिए समय सीमा में विस्तार की अनुमति दी जाती है ।

अध्याय - 15

नियम पुस्तिका - 14

कार्य निष्पादन हेतु निर्धारित मानदंड

(धारा 4(1)(ख) (iv) के अंतर्गत)

15.1 कृपया विभिन्न कार्यकलापों/कार्यक्रमों के निष्पादन के लिए विभाग द्वारा नियत किए गए मानदंडों का ब्यौरा दें ।

मंत्रालय समग्र रूप से सामान्यतया मानकों का अनुसरण करता है जैसा कि उसके सिविल चार्टर में नियत है और जोकि मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice.nic.in में उपलब्ध है । इसके अतिरिक्त कुछ निम्नलिखित प्रभाग निम्न मानकों का अनुसरण करते हैं ।

प्रशासन प्रभाग

ऐसे सेवा मामलों के लिए नोडल मंत्रालय अर्थात् कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा बनाए गए निर्धारित नियम और विनियम में निर्धारित की गई प्रक्रिया के अनुसार ।

विकलांगता प्रभाग

(i) दीन दयाल विकलांगजन पुनर्वास योजना

योजना के अंतर्गत नई परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए, योजना में यथा निर्धारित विधिवत रूप से पूर्ण आवेदन पत्र संबंधित राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाने चाहिए । राज्य सरकार द्वारा विधिवत रूप से संस्तुत आवेदन-पत्र और निरीक्षण रिपोर्ट छानबीन समिति के सामने रखे जाते हैं । पूर्व वर्ष के 1 अक्तूबर से चालू वित्त वर्ष के 31 सितम्बर तक प्राप्त आवेदन पत्र छानबीन समिति के सामने रखे जाते हैं । परियोजनाओं के साम्ययुक्त वितरण से संबंधित संशोधित नीति के अनुसार, वरीयता उन

जिलों को दी जाती है जहां योजना के अंतर्गत पूर्व में कोई परियोजना वित्त पोषित नहीं है । ऐसे जिले जहां विकलांगता प्रकार की 2 परियोजनाओं से अधिक पहले से ही वित्त पोषित हैं, से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

चल रहे मामलों के लिए, पहली किस्त की निर्मुक्ति के लिए प्रस्ताव सीधे तौर पर इस मंत्रालय को 30 जून तक प्रस्तुत किए जाने चाहिए । दूसरी किस्त की निर्मुक्ति के लिए, संबंधित राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव संस्तुत किए जाने चाहिए और निरीक्षण रिपोर्ट के साथ मंत्रालय को अग्रेषित करने चाहिए ।

(ii) राष्ट्रीय विकलांगजन छात्रवृत्ति

विधिवत रूप से आवेदन पत्र मंत्रालय में निर्धारित तारीख तक प्राप्त हो जाने चाहिए । छात्र/छात्रा के अध्ययनरत संस्थान द्वारा आवेदन-पत्र संस्तुत किए जाने चाहिए ।

(iii) विकलांग व्यक्तयों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

संबंधित राज्य सरकार/केन्द्रीय मंत्रालय द्वारा निर्धारित तिथि तक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन-पत्र मंत्रालय को पहुंच जाने चाहिए ।

(iv) विकलांगता प्रभाग - 3 अनुभाग निःशक्त व्यक्ति अधिनियम और आर सी आई अधिनियम का प्रभारी है । अनुभाग उपर्युक्त उल्लिखित अधिनियमों के कार्यान्वयन से संबंधित कार्यकलापों का भी मानीटर और समन्वयन करता है । अनुभाग विकलांजनों से संबंधित नीति बनाता/संशोधित/समीक्षा भी करता है । यह विकलांग व्यक्तियों के लिए ज्ञात पदों की सूची और विभिन्न विकलांगताओं के आकलन के लिए दिशा-निर्देश और प्रमाणन की प्रक्रिया भी बनाता है । विकलांगता प्रभाग-3 अनुभाग यह सुनिश्चित करता है कि उपरोक्त क्रियाकलाप समयबद्ध और प्रभावी तरीके से किए जाएं । बनाई जाने वाली नीति को विभिन्न एजेंसियों जैसे वेबसाइट, इसकी विभिन्न समितियों में जनता के सदस्यों की बैठकों और प्रतिनिधित्व द्वारा जनसाधारण के बीच परिचालित किया जाता है । अनुभाग, निःशक्त व्यक्ति अधिनियम और भारतीय पुनर्वास परिषद की जनरल काउन्सिल के अनुसरण में गठित केन्द्रीय कार्यकारी समिति और केन्द्रीय समन्वयन समिति में जनसाधारण का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है ।

(iii) सहायक यंत्रों और उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए विकलांग व्यक्तियों को सहायता की योजना (एडिप)

योजना के अंतर्गत नई परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए, योजना में यथा निर्धारित विधिवत रूप से पूर्ण आवेदन-पत्र संबंधित राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाने चाहिए । राज्य सरकार द्वारा विधिवत रूप से संस्तुत आवेदन पत्र और निरीक्षण रिपोर्ट स्क्रीनिंग समिति के सामने रखे जाते हैं । पूर्व वर्ष के 1 अक्तूबर से चालू वित्त वर्ष के 31 सितम्बर तक प्राप्त आवेदन-पत्र छानबीन समिति के सामने रखे जाते हैं । परियोजनाओं के साम्ययुक्त वितरण से संबंधित संशोधित नीति के अनुसार, वरीयता उन जिलों को दी जाती है जहां योजना के अंतर्गत पूर्व में कोई परियोजना वित्त पोषित नहीं है । ऐसे जिले जहां विकलांगता प्रकार की 2 परियोजनाओं से अधिक पहले से ही वित्तपोषित हैं, से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

चालू मामलों के लिए, पहली किस्त की निर्मुक्ति के लिए प्रस्ताव सीधे तौर पर इस मंत्रालय को 30 जून तक प्रस्तुत किए जाने चाहिए । दूसरी किस्त की निर्मुक्ति के लिए, संबंधित राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव संस्तुत किए जाने चाहिए और निरीक्षण रिपोर्ट के साथ मंत्रालय को अग्रेषित करने चाहिए ।

पिछड़ा वर्ग प्रभाग:

अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति और अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों और छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव ।

योजनाओं के अंतर्गत प्रस्तावों की स्वीकृति के लिए योजना में यथानिर्धारित विधिवत रूप से पूर्ण आवेदन-पत्र संयुक्त सचिव (एम एंड बी सी)/निदेशक (पिछड़ा वर्ग) को प्रस्तुत किए जाने चाहिए । आवेदन-पत्र पूर्व स्वीकृति के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र, यदि कोई हो, लाभार्थियों की संख्या, राज्य समान अंश के लिए राज्य बजट में प्रावधान की पुष्टि, होस्टल निर्माण के मामलों में भूमि की उपलब्धता की पुष्टि इत्यादि संलग्न होनी चाहिए । राज्य सरकारों/संघ राज्य -क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर तत्काल कार्रवाई की जाती है और इसकी जांच की जाती है कि ये सभी तरह से पूर्ण हैं । सहायता अनुदान साल दर साल आधार पर स्वीकृत की जाती है ।

(ii) अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को सहायता

योजना के अंतर्गत नए प्रस्तावों की स्वीकृति के लिए, योजना में यथा निर्धारित विधिवत रूप से पूर्ण आवेदन पत्र संयुक्त सचिव (अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग)/ निदेशक(पिछड़ा वर्ग) को प्रस्तुत किए जाने चाहिए । आवेदन-पत्र में पूर्व स्वीकृति के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र, निरीक्षण रिपोर्ट, संगठन ज्ञापन, पदधारियों की सूची परियोजना रिपोर्ट, लाभार्थियों की सूची, पूर्व तीन वर्षों की लेखा परीक्षा रिपोर्ट इत्यादि संलग्न होने चाहिए । संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा परियोजना विधिवत रूप से संस्तुत होनी चाहिए । यदि परियोजनाएं सभी तरह से पूरी हैं तो इसे छानबीन समिति के सामने रखा जाता है । छानबीन समिति की अनुमति के बाद, निधि संबंधित संगठन को जारी की जाती है ।

प्रेम प्रभाग

अनुसंधान अध्ययन और प्रकाशन के लिए सहायता अनुदान

अनुमोदित प्रस्तावों को 100% वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । तथापि, बजट का निर्णय प्रस्ताव की मैरिट के आधार पर किया जाता है । अनुसंधान/मूल्यांकन अध्ययनों के मामले में अनुदान छमाही किस्तों में जारी की जाती है । प्रत्येक किस्त की राशि व्यय के अनुमान के मद्देनजर निर्धारित होती है । परियोजना निदेशक के मानदेय और कुल सहायता अनुदान के 7 1/2% को रोक लिया जाता है और अनुसंधान परियोजना की अंतिम रिपोर्ट की प्राप्ति और स्वीकृति के बाद व सभी व्यय के लेखा परीक्षित विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र की प्राप्ति और इसके ठीक पाए जाने पर इसे आखिरी और अंतिम किस्त के रूप में भुगतान कर दिया जाता है । अनुदान के अंतर्गत शामिल मदें इस प्रकार हैं :

- परियोजना स्टाफ के वेतन और भत्ते और परियोजना निदेशक को मानदेय;
- यात्रा व्यय;
- अनुसूची, प्रश्नावली, रिपोर्ट इत्यादि का मुद्रण;
- कम्प्यूटर और मशीन सारणीयन लागत;
- आकस्मिकताएं; और
- उपरि प्रभार ।

सेमिनार और कार्यशालाओं के लिए अनुदान भी प्रस्ताव की मैरिट के आधार पर अनुमोदित किए जाते हैं । सामान्यतः सेमिनारों/कार्यशालाओं के लिए सहायता अनुदान राष्ट्रीय स्तर पर 1 लाख रुपए और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 2 लाख रुपए तक सीमित है ।

अनुसूचित जाति विकास ब्यूरो

अनुसूचित जाति विकास-1 प्रभाग

(क) अनुसूचित जाति की छात्राओं और छात्रों के छात्रावासों के लिए केन्द्र प्रायोजित स्कीम

(i) अनुसूचित जाति के छात्रों और छात्राओं के छात्रावासों के लिए (i) भूमि उपलब्धता प्रमाण-पत्र (ii) स्थान योजना (साइट प्लान) (iii) पी डब्ल्यू डी/सी पी डब्ल्यू डी की निर्धारित दरों पर तैयार विस्तृत लागत अनुमान (iv) समान अंश की उपलब्धता के संबंध में प्रमाण-पत्र, (v) पूर्व केन्द्रीय सहायता का उपयोग, जहां कहीं लागू हो और (vi) पूर्व स्वीकृत होस्टलों की वास्तविक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट, जहां कहीं लागू हो, के साथ अलग आवेदन पत्र अपेक्षित हैं ।

(ii) गैर-सरकारी संगठनों के संबंध में वित्तीय सहायता वर्तमान छात्रावासों का विस्तार करने के लिए ही दी जाती है और इस संबंध में आवेदन-पत्र संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को प्रस्तुत किए जाने चाहिए जिसे बाद में इन सरकारों द्वारा अपनी सिफारिशों सहित सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को अग्रेषित किया जाएगा, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ समान अंश (मैचिंग शेयर) की उपलब्धता की पुष्टि हो ।

(iii) स्वीकृत छात्रावास पूरी केन्द्रीय सहायता की पूरी निर्मुक्ति की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के भीतर पूरे हो जाने चाहिए ।

(iv) छात्रावासों के बेहतर रखरखाव के लिए 10% गैर-अनुसूचित जाति के छात्रों को कुछ प्रभार के साथ स्थान देना ।

(v) इस योजना के अंतर्गत छात्रावासों का निर्माण उस स्थान पर किया जाना चाहिए जहां संबंधित शैक्षिक संस्थाएं स्थित हैं और अनुसूचित जाति जनसंख्या की बहुलता है ।

(vi) छात्रावास वार्डन के लिए दो कमरों वाले सेट तथा चौकीदार के लिए एक कमरे वाले सेट को भी छात्रावास के अभिन्न भाग के रूप में शामिल करना चाहिए ।

(vii) छात्रावास को 100 संवासियों से अधिक के स्थान के लिए डिजाइन नहीं करना चाहिए ।

(ख) अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों सहित कमजोर वर्गों के लिए कोचिंग और सम्बद्ध योजना की केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम ।

- राज्यों द्वारा संचालित संस्थाओं के संबंध में प्रस्ताव पूर्व तीन वर्षों की वास्तविक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट के साथ समय पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को भेज दिए जाएं ।
- राज्य बजट में समान राज्य अंश किया जाए और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को भेजे गए प्रस्तावों में इसका उल्लेख किया जाए ।
- राज्य सरकार, सामाजिक कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संबंध में सम्मिलित प्रस्तावों को भेजने हेतु एक नोडल विभाग को प्राधिकृत कर सकती है ।
- राज्य सरकारें विश्वविद्यालयों पर अधिक ध्यान दे सकती हैं और स्कीम को कार्यान्वित करने के लिए सुसज्जित विश्वविद्यालयों के संबंध में यथासंभव प्रस्तावों को संस्तुत कर सकती है और साथ ही समान अंश (मैचिंग शेयर) का 10% भी प्रदान करें ।
- गैर-सरकारी संगठनों के प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को प्रस्तुत किए जाएं और संबंधित सरकारों द्वारा इन्हें अपनी सिफारिशों के साथ सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को अग्रेषित किया जाए ।
- सामाजिक कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्राधिकृत नोडल विभाग द्वारा ही गैर-सरकारी संगठनों के संबंध में प्रस्तावों को भेजा जा सकता है ।
- राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा योजना का पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए ।

अनुसूचित जाति के छात्रों की योग्यता के उन्नयन की केन्द्रीय क्षेत्र की योजना

स्कीम के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए कुल 1045 पुरस्कार निर्धारित हैं । ये पुरस्कार अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों में वितरित किए गए हैं । राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रत्येक वित्त वर्ष के आरंभ में केन्द्रीय सहायता के लिए प्रस्ताव भेजने अपेक्षित हैं जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ पूर्व वर्ष में हुए व्यय का ब्यौरा, पूर्व स्वीकृत अनुदान का उपयोग और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को आबंटित पुरस्कारों के अनुसार अगले वित्त वर्ष हेतु प्रस्तावित व्यय का ब्यौरा हो ।

अनुसूचित जाति विकास-2 प्रभाग

मंत्रालय प्रत्येक वित्त वर्ष के आरंभ में सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को लिखता है, जिसमें योजना के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता को लेने के लिए उपयुक्त प्रस्तावों को भेजने का अनुरोध किया जाता है । प्रस्तावों को शीघ्र या यथासमय पर नहीं भेजने वाली राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को अनुस्मारक भी भेजे जाते हैं । इसके अतिरिक्त, यदि आवश्यक होता है तो मंत्रालय के अधिकारियों को भी प्रस्तावों की शीघ्र तैयारी के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के अधिकारियों से सम्पर्क करने के लिए नियुक्त किया जाता है ।

(2) प्रस्ताव प्राप्त होने पर, योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार जांच की जाती है । स्कीम के अंतर्गत, 50% विशेष केन्द्रीय सहायता, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद पूर्व निर्धारित मानदंड के अनुसार प्रदान की जाती है । राज्य सरकारों द्वारा अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन करने में, ताकि ये गरीबी रेखा से ऊपर आने में समर्थ हो सकें, के लिए, किए गए प्रयासों के आधार पर शेष 50% जारी की जाती है ।

(3) मंत्री (सामाजिक न्याय और अधिकारिता) के अनुमोदन के बाद प्रस्ताव को सहमति हेतु समेकित वित्त प्रभाग को भेजा जाता है । तत्पश्चात उप सचिव संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की मंजूरी जारी करते हैं ।

(4) यह मंत्रालय केन्द्रीय सहायता की निर्मुक्ति पर विचार करते हुए पूर्व वर्ष के दौरान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा किए गए व्यय की समीक्षा करता है ।

अनुसूचित जाति विकास- III प्रभाग

अनुसूचित जातियों के शैक्षिक और आर्थिक विकास के लिए कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान देने की मंत्रालय की व्यापक स्कीम हैं । इस योजना का उद्देश्य सक्षम और विश्वसनीय स्वैच्छिक संगठनों की सेवाओं का उपयोग अनुसूचित जातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सुधार के लिए करना है । इस स्कीम के अंतर्गत, परियोजना लागत के 90% की सहायता अनुदान गैर-सरकारी संगठनों को सामान्य/तकनीकी/व्यावसायिक शिक्षा जैसे कार्यकलापों की सुविधाओं को खोलने के लिए दी जाती है, जिसमें स्कूल-पूर्व शिक्षा, सेवा कार्यकलाप जैसे मेडिकल केन्द्र/डिस्पेंसरी और आय सर्जक कार्य जैसे विभिन्न वाणिज्यिक ट्रेडों में तकनीकी प्रशिक्षण शामिल है ।

स्कीम के अंतर्गत उन स्वैच्छिक संगठनों को सहायता दी जाती है जो दो किस्तों में किसी परियोजना को संचालित करने के लिए चुनी जाती हैं । पहली किस्त की सहायता पर स्वैच्छिक संगठनों से प्रस्तावों के प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की जाती है और दूसरी किस्त पर कार्रवाई स्कीम के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से निरीक्षण रिपोर्ट/सिफारिशों के प्राप्त होने के बाद की जाती है । ग्राह्य केन्द्रीय सहायता की निर्मुक्ति के लिए स्वीकृति आदेश आई एफ डिवीजन से वित्तीय सहमति प्राप्त होने और सक्षम प्राधिकारी के प्रशासनिक अनुमोदन के बाद जारी की जाती है । जहां कहीं आवश्यक होता है, नेमी प्रकृति के स्पष्टीकरण संबंधित एजेंसियों से प्राप्त किए जाते हैं । अनुभाग अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित मामलों पर मंत्रालय के अन्य अनुभागों के साथ भी सम्पर्क करता है ।

स्वैच्छिक संगठनों/गैर-सरकारी संगठनों के चयन के लिए मंत्रालय में एक स्क्रीनिंग समिति गठित की गई है । यह संबंधित राज्य सरकारों के द्वारा प्राप्त उनकी सिफारिशों के साथ स्वैच्छिक संगठनों के प्रस्तावों पर विचार करती है । समिति इसके लिए निर्धारित विभिन्न मानदंडों के आधार पर इन प्रस्तावों पर विचार करती है ।

अनुसूचित जाति विकास-4 प्रभाग

(क) अनुसूचित जाति विकास निगमों को सहायता की केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम

(ख) प्रस्ताव पूर्व वर्ष के दौरान वास्तविक और वित्तीय निष्पादन (ii) जहां कहीं लागू हो समान अंश (51%) की पूर्व निर्मुक्ति (iii) न्यूनतम वसूली मानक (iv) 49% केन्द्रीय इक्विटी की निर्मुक्ति के लिए बजट प्रावधान की उपलब्धता के साथ निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किए जाते हैं ।

(ग) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम की इक्विटी समर्थन की केन्द्रीय सेक्टर स्कीम

प्रस्ताव (i) पूर्व वर्ष के वास्तविक और वित्तीय निष्पादन (ii) आवधिक जमा(एफ डी आर) सहित नकद और बैंक शेष स्थिति सहित (iii) निगम के पास लम्बित एस सी ए की मांग या अन्य कोई आवश्यकता के साथ प्रस्तुत किए जाने हैं ।

(घ) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम के इक्विटी समर्थन की केन्द्रीय सेक्टर स्कीम

प्रस्ताव (i) पूर्व वर्ष के वास्तविक और वित्तीय निष्पादन (ii) आवधिक जमा (एफ डी आर) सहित नकद और बैंक शेष स्थिति (iii) निगम के पास लंबित एस सी ए की मांग या अन्य कोई आवश्यकता के साथ प्रस्तुत किए जाने हैं ।

अनुसूचित जाति विकास-5 प्रभाग

(क) अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति और अस्वच्छ व्यवसाय में लगे व्यक्तियों के बच्चों को मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति की केन्द्र प्रायोजित स्कीम

(i) आवेदन पूर्व वर्ष के वास्तविक और वित्तीय निष्पादन; (ii) लेखा परीक्षित व्यय; और (iii) प्रतिबद्ध देयता की ओर राज्य बजट में निधि की उपलब्धता और जहां कहीं लागू हो समान अंश (मैचिंग शेयर) के साथ निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किए जाने हैं।

(ख) अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति की केन्द्र प्रायोजित स्कीम

- इस योजना के अंतर्गत 20 पुरस्कार प्रत्येक वर्ष आबंटित किए जाते हैं, जिसमें से 17 पुरस्कार अनुसूचित जातियों, 2 पुरस्कार अनधिसूचित खानाबदोश तथा अर्द्ध खानाबदोश जनजातियों और 1 पुरस्कार भूमिहीन कृषि मजदूर व परम्परागत शिल्पकार के लिए हैं ।
- उम्मीदवारों की आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिए ।
- नियोजित उम्मीदवार/माता-पिता की मासिक आय 18,000 रुपए प्रतिमाह से अधिक नहीं होनी चाहिए ।
- उम्मीदवार के पास निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार न्यूनतम अर्हता और अनुभव होना चाहिए ।

(क) पोस्ट डाक्टोरल हेतु- संबंधित स्नातकोत्तर डिग्री में प्रथम श्रेणी अथवा 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष श्रेणी । पी0एच0डी0 तथा संबंधित क्षेत्र में 5 वर्षों का अनुसंधान/ शिक्षण/व्यावसायिक अनुभव ।

(ख) पी एच0डी0 हेतु - संबंधित स्नातकोत्तर डिग्री में प्रथम श्रेणी अथवा 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष श्रेणी और संबंधित क्षेत्र में 2 वर्षों का शिक्षण/अनुसंधान/व्यावसायिक अनुभव/एम फिल डिग्री ।

(ग) स्नातकोत्तर डिग्री हेतु -संबंधित स्नातक डिग्री में प्रथम श्रेणी अथवा 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष श्रेणी और संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का 2 वर्ष का अनुभव ।

- एक ही माता-पिता/अभिभावक के एक से अधिक बच्चे पात्र नहीं होंगे । इस स्कीम के अंतर्गत छात्रवृत्ति को केवल एक बार ही प्राप्त किया जा सकता है ।

अनुसूचित जाति विकास-6 प्रभाग

इस संबंध में भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार ।

सिविल अधिकार संरक्षण (पी सी आर)डेस्क

प्रत्येक वित्त वर्ष के आरंभ में, मंत्रालय सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को लिखता है जिसमें सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम (पी0सी0आर0 एक्ट), 1955 और अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के अंतर्गत उपयुक्त केन्द्रीय सहायता को लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण प्रस्तावों को भेजने का अनुरोध किया जाता है ।

प्राप्त प्रस्तावों की जांच की जाती है और उपयुक्त केन्द्रीय सहायता ब्यूरो प्रमुख और समेकित वित्त प्रभाग की सहमति से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को स्वीकृत की जाती है ।

रिपोर्ट कार्यान्वयन (आर0आई0)सैल

इस संबंध में भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार ।

सूचियों का संशोधन (आर0एल0) सैल

कार्यालय प्रक्रिया मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है ।

समाज रक्षा (एस डी) ब्यूरो

वृद्धावस्था प्रभाग

(i) वृद्ध व्यक्तियों के लिए एकीकृत कार्यक्रम (प्लान स्कीम)

योजना के अंतर्गत नए प्रस्तावों की स्वीकृति के लिए योजना में यथानिर्धारित विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र संबंधित राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाने चाहिए । राज्य सरकार द्वारा विधिवत् रूप से संस्तुत आवेदन-पत्र के साथ निरीक्षण रिपोर्ट छानबीन समिति के सामने रखी जाती है । पूर्व वर्ष के 1 अक्तूबर से चालू वित्त वर्ष के 31 सितम्बर तक प्राप्त आवेदन-पत्र छानबीन समिति के सामने रखे जाते हैं । परियोजनाओं के साम्ययुक्त वितरण से संबंधित संशोधित नीति के अनुसार, वरीयता उन जिलों को दी जाती है जहां स्कीम के अंतर्गत कोई परियोजना पहले से वित्त पोषित नहीं है । ऐसे जिलों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा जहां पहले से दो से अधिक परियोजनाएं वित्तपोषित हैं ।

जारी मामलों के लिए, प्रथम किस्त की निर्मुक्ति हेतु प्रस्ताव मंत्रालय को सीधे तौर पर 30 जून तक प्रस्तुत किए जाने चाहिए । दूसरी किस्त की निर्मुक्ति के लिए प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकार द्वारा संस्तुत होने चाहिए और निरीक्षण रिपोर्ट सहित मंत्रालय को अग्रेषित करने चाहिए ।

(ii) वृद्ध व्यक्तियों के लिए वृद्धाश्रमों/बहु सेवा केन्द्रों के निर्माण के लिए पंचायती राज संस्थाओं/स्वैच्छिक संगठनों/स्व-सहायता समूहों को सहायता (गैर योजना स्कीम)

योजना के अंतर्गत नए प्रस्तावों की स्वीकृति के लिए योजना में यथानिर्धारित विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र संबंधित राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाने चाहिए । राज्य सरकार द्वारा विधिवत् रूप से संस्तुत आवेदन-पत्र के साथ् निरीक्षण रिपोर्ट छानबीन समिति के सामने रखी जाती है । पूर्व वर्ष के 1 अक्तूबर से चालू वित्त वर्ष के 31 सितम्बर तक प्राप्त आवेदन-पत्र छानबीन समिति के सामने रखे जाते हैं । परियोजनाओं के साम्ययुक्त वितरण से संबंधित संशोधित नीति के अनुसार, वरीयता उन जिलों को दी जाती है जहां स्कीम के अंतर्गत कोई परियोजना पहले से वित्त पोषित नहीं है । ऐसे जिलों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा जहां पहले से एक परियोजना वित्तपोषित है ।

दूसरी किस्त के देय होने के मामलों के लिए, प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकार द्वारा संस्तुत होने चाहिए और निरीक्षण रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेजों के साथ इसे मंत्रालय को अग्रेषित करना चाहिए ।

बाल कल्याण (सी डब्ल्यू) प्रभाग

" किशोर न्याय कार्यक्रम " की योजना के अंतर्गत, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को इनके द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों में आवश्यकता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को निधि जारी की जाती है और निधि का उपयोग करना इनकी जिम्मेवारी है । राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्त वर्ष के अन्त में परवर्ती वित्त वर्ष के लिए अनुदानों की निर्मुक्ति हेतु प्रस्तावों को प्रस्तुत करते हुए इन अनुदानों के संबंध में मंत्रालय को उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने हैं । मंत्रालय परवर्ती केन्द्रीय सहायता की निर्मुक्ति पर विचार करते हुए यह पुष्टि करता है कि राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को प्रदान निधि पूरी तरह उपयोग की गई है, यदि प्रयुक्त नहीं की गई तो वित्त वर्ष के अन्त में इनके पास उपलब्ध अव्ययित शेष को विद्यमान वित्त वर्ष के अनुदान से घटा लिया जाता है ।

शेष तीन योजनाओं के अंतर्गत, इस योजना के अंतर्गत गैर-सरकारी संगठनों/संस्थाओं को इनके द्वारा अपने प्रस्तावों में प्रस्तुत आवश्यकताओं के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । गैर सरकारी संगठनों/संस्थाओं को निधि जारी की जाती है और इन निधि को उपयोग करने की इनकी जिम्मेवारी है । गैर सरकारी संगठनों/संस्थाओं को वित्त वर्ष के अन्त में परवर्ती वित्त वर्ष के लिए अनुदानों की निर्मुक्ति हेतु प्रस्तावों को प्रस्तुत करते हुए इन अनुदानों के संबंध में मंत्रालय को उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने हैं । मंत्रालय सहायता अनुदान की परवर्ती निर्मुक्ति पर विचार करते हुए यह पुष्टि करता है कि गैर सरकारी संगठनों/संस्थाओं को प्रदान निधि पूरी तरह उपयोग की गई है । यदि प्रयुक्त नहीं की गई तो वित्त वर्ष के अन्त में इनके पास उपलब्ध अव्ययित शेष को विद्यमान वित्त वर्ष के अनुदान से घटा लिया जाता है ।

नशीली दवा दुरुपयोग -II प्रभाग

(i) मद्यपान और नशीले पदार्थ (नशीली दवा) दुरुपयोग निवारण योजना (आर आर टी सी के रखरखाव हेतु सहायता अनुदान)

आर आर टी सी द्वारा प्रथम किस्त की निर्मुक्ति के लिए आवेदन-पत्र मंत्रालय को सीधे 30 जून तक प्रस्तुत किए जाने अपेक्षित हैं । मंत्रालय/राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एन आई एस डी) के अधिकारियों की निरीक्षण रिपोर्ट की प्राप्ति के बाद दूसरी किस्त की निर्मुक्ति के प्रस्तावों पर कार्रवाई की जाती है ।

नशीली दवा दुरुपयोग -I& III प्रभाग

(i) मद्यपान और नशीले पदार्थ (नशीली दवा) दुरुपयोग निवारण योजनाः (नशामुक्ति केन्द्रों के रखरखाव के लिए सहायता अनुदान)

स्वैच्छिक संगठनों द्वारा प्रथम किस्त की निर्मुक्ति के लिए आवेदन-पत्र मंत्रालय को सीधे 30 जून तक प्रस्तुत किए जाने अपेक्षित हैं । मंत्रालय/राज्य सरकार/आर आर टी सी के अधिकारियों की सिफारिशों/निरीक्षण रिपोर्ट की प्राप्ति के बाद दूसरी किस्त की निर्मुक्ति के लिए प्रस्तावों पर कार्रवाई की जाती है ।

अध्याय - 16

नियम पुस्तिका - 15

इलेक्ट्रानिक रूप में उपलब्ध सूचना

{धारा 4(1)(ख)(xiv)}

16.1 कृपया विभिन्न योजनाओं से संबंधित सूचना का विवरण दें, जो इलेक्ट्रानिक प्रारूप में उपलब्ध हैं ।

मंत्रालय के सम्बद्ध ब्यूरो/प्रभागों के संबंध में सूचना नीचे दी गई है । शेष ब्यूरो/प्रभागों के लिए कालम संगत नहीं है ।

विकलांगता प्रभाग ब्यूरो

- मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट
- राष्ट्रीय विकलांगजन नीति मसौदा
- निःशक्त व्यक्ति (समान असर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995
- निःशक्तता अधिनियम के मुख्य उपबंध
- निःशक्तता अधिनियम (सम्पूर्ण)
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अधिसूचना सं. 16-25/99 - एनआई-1 दिनांक 31 मई, 2001 में अधिसूचित विकलांग व्यक्तियों के लिए पहचान किए गए व्यवसायों की सूची और सम्पूर्ण निःशक्तता अधिनियम को कुछ समय के बाद उपलब्ध कराया जाएगा ।
- केन्द्रीय समन्वय समिति के सदस्यों की सूची
- केन्द्रीय कार्यकारी समिति के सदस्यों की सूची
- विभिन्न निःशक्तताओं के निर्धारण के लिए दिशा-निदेर्शों और प्रमाणित करने की प्रक्रिया की अधिसूचना

- मानसिक मंदता, अस्थि/चलन संबंधी विकलांगता, दृष्टि विकलांगता और श्रवण विकलांगता के क्षेत्रों में गठित उपसमितियों के लिए आदेश परिशिष्ट - 1
- बहुविकलांगता के क्षेत्र में गठित उप-समिति के लिए आदेश
- उप-समिति के साथ डा. एस.पी.अग्रवाल, महानिदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) की अध्यक्षता में 29.8.2000 को हुई बैठक के सहभागी
- उपसमिति के सदस्यों के साथ डा. एस.पी.अग्रवाल, महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में 17.8.2000 को हुई बैठक के सहभागी
- विकलांगता की श्रेणियां
- मानसिक रोग के मूल्यांकन एवं निर्धारण के लिए दिशा-निर्देश तथा प्रमाणीकरण का तरीका (शुद्धि-पत्र)
- मानसिक रोग की समीक्षा करने वाली समिति की बैठक का कार्यवृत्त
- भारतीय विकलांगता मूल्यांकन एवं निर्धारण अनुमाप
- रोगियों के कार्य-कलापों की गणना करने वाले यंत्र, ''आईडीईएएस'' का मैन्यूअल
- सरकारी लाभ प्राप्त करने के लिए मानसिक मंदता के प्रमाण-पत्र का प्रारूप
- विकलांग व्यक्तियों के लिए प्रमाण-पत्र का प्रारूप
- विकलांग व्यक्तियों को निम्नलिखित से संबंधित पहचान पत्र जारी करने हेतु दिशा-निर्देश
- दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना
- विकलांग व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति
- विकलांग व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार
- पिछले तीन वर्षों के दौरान सहायता अनुदान की राशि, शामिल किए गए लाभार्थियों की संख्या और स्वीकृत परियोजनाओं के नाम सहित इस योजना के अंतर्गत सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले गैर-सरकारी संगठनों की सूची

मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना से पृथक, मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के बारे में जन-साधारण को जानकारी देने के लिए शास्त्री भवन में (भूतल, 'ए' विंग, स्टेट बैंक आफ पटियाला के बगल में) एक 'सूचना एवं सुविधा केन्द्र' है, जहां कार्यालय समय के दौरान कार्य किया जाता है ।

प्रेम डिवीजन

अनुसंधान एवं प्रकाशन के लिए सहायता अनुदान नियम की योजना की प्रतिलिपि;
अनुसंधान के प्राथमिकता वाले क्षेत्र;
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2004-05; और
स्वैच्छिक संगठनों के लिए योजनाओं और कार्यक्रमों का सार-संग्रह;
अनुसूचित जाति विकास (एससीडी) ब्यूरो

अनुसूचित जाति विकास - I

(i) अनुसूचित जाति की बालिकाओं एवं बालकों के लिए छात्रावास और (ii) अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों सहित कमजोर वर्गों के लिए कोचिंग एवं संबंद्ध सहायता की केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं तथा अनुसूचित जाति के छात्रों की योग्यता उन्नयन की केन्द्रीय सेक्टर योजना के बारे में सूचना, मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice@nic.in पर उपलब्ध है । इन योजनाओं का ब्यौरा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के समाज कल्याण विभागों से भी प्राप्त किए जा सकते हैं ।

अनुसूचित जाति विकास - III

मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice@nic.in पर

अनुसूचित जाति विकास - IV

अनुसूचित जाति विकास निगमों को सहायता की केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं और (i) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम को इक्विटी सहायता तथा (ii) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम को इक्विटी सहायता आदि केन्द्रीय सेक्टर योजनाओं के बारे में सूचना, मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice@nic.in पर उपलब्ध है । इन योजनाओं का ब्यौरा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के समाज कल्याण विभागों और एनएसएफडीसी एवं एनएसकेएफडीसी से भी प्राप्त किए जा सकते हैं ।

अनुसूचित जाति विकास - V

(i) अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति की केन्द्रीय प्रायोजित योजना, (ii) अस्वच्छ व्यवसायों में संलग्न लोगों के बच्चों के लिए मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति की केन्द्रीय प्रायोजित योजना, (iii) अनुसूचित जाति आदि अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना की केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के बारे में सूचना, मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice@nic.in पर उपलब्ध है । इन योजनाओं का ब्यौरा राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के समाज कल्याण विभागों से भी प्राप्त किए जा सकते हैं ।

पीसीआर डेस्क

पीसीआर अधिनियम, 1955 और पीओए अधिनियम, 1989 के कार्यान्वयन लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत प्रतिबद्ध देयता के अतिरिक्त कुल व्यय का 50% राज्य सरकार को केन्द्रीय सहायता के रूप में प्रदान किया जाता है तथा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को 100% केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है ।

आरएल सैल

अनुसूचित जाति प्रमाणपत्रों पर दिशा-निर्देश/निर्देश

समाज रक्षा ब्यूरो

वृद्धावस्था प्रभाग

- मंत्रालय की वर्षिक रिपोर्ट
- दो सहायता अनुदान योजनाओं के अंतर्गत गैर-सरकारी संगठनों को निर्मुक्त सहायता अनुदान
- राष्ट्रीय वृद्धजन नीति का सार
- राष्ट्रीय वृद्धजन परिषद का सार
- सहायता अनुदान योजनाओं का सार

बाल कल्याण प्रभाग

सहायता प्रदत्त गृहों एवं लाभार्थियों की संख्या सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/गैर सरकारी संगठनों/संस्थाओं को जारी अनुदानों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice@nic.in पर उपलब्ध है ।

डीपी II

- मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट
- मद्यपान तथा मादक पदार्थ (नशीली दवा) दुरुपयोग निवारण योजना

डीपी I और III

- मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट
- मद्यपान तथा मादक पदार्थ (नशीली दवा) दुरुपयोग निवारण योजना
- स्वैच्छिक संगठनों को विगत 3 वर्षों में जारी सहायता अनुदानों का विवरण
- काली सूची में डाले गए संगठनों की सूची

अध्याय -17

नियम पुस्तिका - 16

सूचना प्राप्ति हेतु नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विवरण

{धारा 4(1)(ख)(xv)के अंतर्गत}

17.1 सर्वसाधारण के लिए उपलब्ध माध्यम, तरीके या सुविधा, जिन्हें सूचना के प्रचार-प्रसार के लिए विभाग द्वारा अपनाया गया है। जैसेः

क्र.सं.	प्रभाग/विभाग/ यूनिट का नाम	सूचना
		• नोटिस बोर्ड • दस्तावेजों की प्रतियों को जारी करने की पद्धति • मुद्रित नियम पुस्तिका • मंत्रालय की वेबसाइट • समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन • भारत के राजपत्र में अधिसूचना • सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के मुख्यालय अर्थात शास्त्री भवन, नई दिल्ली में सुविधा केन्द्र के माध्यम से • योजनाओं के ब्यौरे, राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के समाज कल्याण विभागों/ मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं । परियोजनाओं के कार्यक्रमों के विवरण को स्वैच्छिक

		संगठनों/कोचिंग केन्द्रों द्वारा अपने कार्यक्रम शुरू करने के पहले विज्ञापित किया जाता है । • विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा प्रकाशित चुनाव कानून नियम पुस्तिका सहशुल्क प्रकाशन है और इसे बाजार में संबंधित स्थानों से खरीदा जा सकता है । • कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/वित्त विभाग द्वारा जारी नियम विनियम बाजार में उपलब्ध है । • मंत्रालय का पुस्तकालय • नागरिक चार्टर को www.socialjustice.nic.in वेबसाइट में रखा गया है । • सूचना पुस्तिका

अध्याय - 18

नियम पुस्तिका - 17

अन्य उपयोगी सूचनाएं

{धारा 4(1)(ख)(xvii) के अंतर्गत}

18.1 जन साधारण द्वारा प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न और उनके उत्तर

प्रभाग	प्रश्न	उत्तर
प्रेम प्रभाग	अनुसंधान एवं प्रकाशन के लिए सहायता अनुदान योजना नियमों का ब्यौरा क्या है ?	योजना के प्रावधानों के अनुसार सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है । मंत्रालय द्वारा अभिज्ञात क्षेत्रों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तावों को प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है । सहायता अनुदान के लिए आवेदन हेतु दिशा-निर्देश, योजना की प्रति में शामिल होते हैं जो मंत्रालय की वेबसाइट www.socialjustice.nic.in पर उपलब्ध है ।
अनुसूचित जाति विकास ब्यूरो	क्या गैर सरकारी संगठन, छात्रावास निर्माण योजना के तहत अनुसूचित जाति के छात्रों और छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण कर सकते हैं ?	गैर-सरकारी संगठन, अनुसूचित जाति के छात्रों और छात्राओं के विद्यमान छात्रावासों के केवल विस्तार के लिए केन्द्रीय सहायता के पात्र हैं ।

	क्या कोचिंग एवं संबद्ध सहायता योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक छात्रों के लिए निर्धारित 5:3:2 का अनुपात लचीला है? यदि हां, तो ऐसे लचीलेपन का आधार क्या है ?	सामान्यता उत्तर नकारात्मक है । तथापि, ऐसे आंतर निवासों जहां जनसांख्यिकीय संयोजन के कारण निश्चित प्रतिमानों का पालन करना दुःसाध्य होता है, ऐसे मामलों पर योग्यता के आधार पर विचार किया जाता है तथा मंत्रालय के सचिव स्तर पर लचीलापन अनुमत है ।
	यदि राज्य सरकार की तरफ से प्रस्तावों की सिफारिश करने में विलम्ब होता है तो इसके लिए क्या किया जाता है ? अथवा यदि राज्य सरकार निरीक्षण नहीं करती है या अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करती है तो इसका विकल्प क्या है ?	आवश्यक परिस्थितियों में, इस उद्देश्य के लिए निरीक्षण करने हेतु मंत्रालय अपने पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त करता है ।
	क्या गैर सरकारी संगठन, छात्रावास निर्माण योजना के तहत अनुसूचित जाति के लड़के और लड़कियों के लिए छात्रावासों का निर्माण कर सकते हैं ?	गैर-सरकारी संगठन, अनुसूचित जाति के लड़के और लड़कियों के विद्यमान छात्रावासों के केवल विस्तार के लिए केन्द्रीय सहायता के पात्र हैं ।
	योजना के कार्यान्वयन के लिए गैर-सरकारी संगठनों का चयन कैसे किया जाता है ?	स्वैच्छिक संगठनों/गैर-सरकारी संगठनों का चयन करने के लिए मंत्रालय में एक जांच समिति गठित की गई है जो संबंधित राज्य सरकारों की संस्तुति के साथ उनके माध्यम से प्राप्त स्वैच्छिक संगठनों के प्रस्तावों पर विचार करती है । जांच समिति इस उद्देश्य के लिए निर्धारित किए गए निश्चित मानदंडों के आधार पर इन प्रस्तावों पर विचार

		करती है ।
	यदि राज्य सरकार की तरफ से प्रस्तावों की सिफारिश करने में विलम्ब होता है तो इसके लिए क्या किया जाता है ? अथवा यदि राज्य सरकार निरीक्षण नहीं करती है या अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करती है तो इसका विकल्प क्या है ?	आवश्यक परिस्थितियों में, इस उद्देश्य के लिए निरीक्षण करने हेतु मंत्रालय अपने पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त करता है ।
	क्या कोई अभ्यर्थी मानविकी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु समुद्रपारीय छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकता है?	नहीं। राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत केवल स्नातकोत्तर स्तरीय पाठ्यक्रम, पीएचडी और इंजीनीयरिंग, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान में पोस्ट डाक्टोरेल शोध कार्यक्रमों के विशिष्ट क्षेत्रों में विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं ।
	कब और कहां आवेदन करें ?	इच्छुक उम्मीदवारों को विज्ञापन में दिए गए के अनुसार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को आवेदन करना चाहिए ।
	सहायता कौन प्रदान करता है?	भारत में होने वाले ग्राह्य व्यय के लिए वित्तीय सहायता सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय प्रदान करता है और विदेश में होने वाले व्यय की पूर्ति संबंधित भारतीय मिशन द्वारा की जाती है ।
	विदेश में अध्ययन के लिए	चयनित उम्मीदवारों से उनके विदेश

	जाने से पहले कौन सी औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं ?	जाने से पहले उन सभी विधिक दस्तावेजों और अन्य करारों को प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है जैसा कि भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्णय लिया जाता है । विदेश पहुंच जाने पर उन्हें विदेश में संबंधित भारतीय मिशन से तुरन्त संपर्क करना और मिशन के निर्णय के अनुसार सभी आवश्यक विधिक दस्तावेज एवं अन्य करार प्रस्तुत करना अपेक्षित है । नियोजित उम्मीदवार के मामले में, उन्हें ऐसे बांड, करार आदि भी प्रस्तुत करने होते हैं जैसा कि नियोक्ता द्वारा अपेक्षित हो सकता है ।

18.2 सूचना प्राप्त करने से संबंधित

18.21 आवेदन पत्र

<u>सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र</u>

आरटीआई आवेदन सं. ....
(कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)

सेवा में

जन सूचना अधिकारी या
सहायक जन सूचना अधिकारी

1. आवेदक का नाम :
2. डाक पता :
3. टेलि.नं., फैक्स, ई-मेल इत्यादि :
4. अपेक्षित सूचना का विवरण :

5. कार्यालय में प्राप्ति सं. .... दिनांक .... के तहत शुल्क ....रुपए जमा करा दिए गए हैं या वेतन एवं लेखा अधिकारी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली के पक्ष में मांग-ड्राफ्ट संलग्न है ।

स्थानः
दिनांकः

आवेदक के हस्ताक्षर

---

* कृपया सभी कालमों को अच्छी तरह भरें और जो प्रयुक्त न हों उन्हें काट दें ।

** गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों को सूचना, बीपीएल प्रमाण पत्र या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अन्य दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने पर उपलब्ध की जाएगी ।

18.22: शुल्क

कार्मिक, जन-शिकायत एवं पेंशन विभाग ने अधिनियम के अंतर्गत शुल्क के लिए नियम बनाया है । कार्मिक, जन-शिकायत एवं पेंशन, भारत सरकार की 16 सितम्बर, 2005 की अधिसूचना के तहत जारी **सूचना का अधिकार (शुल्क एवं लागत) नियम, 2005** के अनुसार निम्नलिखित शुल्क लागू हैं

नियम	निर्धारित दरें
3	धारा 6 की उपधारा (1) के तहत सूचना प्राप्त करने के अनुरोध के साथ **दस रुपए** का आवेदन शुल्क होगा जिसका भुगतान उपयुक्त रसीद के विरुद्ध नकद या सार्वजनिक प्राधिकरण के लेखा अधिकारी को देय मांग-ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक द्वारा किया जाएगा ।
4	धारा 7 की उपधारा (1) के तहत सूचना प्रदान करने के लिए शुल्क, उपयुक्त रसीद लेकर नकद या सार्वजनिक प्राधिकरण के लेखा अधिकारी को देय मांग-ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक द्वारा निम्नलिखित दरों पर देना होगाः
(क)	बनाए गए या प्रतिलिपि किए गए प्रत्येक पृष्ठ (ए-4 या ए-3 साइज पेपर में) के लिए **दो रुपए;**
(ख)	बड़े साइज पेपर में एक प्रतिलिपि का वास्तविक प्रभार या लागत मूल्य;
(ग)	सैम्पल या माडलों के लिए वास्तविक लागत या मूल्य; और
(घ)	रेकार्डों के निरीक्षण के लिए, **पहले घंटे के लिए कोई शुल्क नहीं** और उसके बाद प्रति 15 मिनट (या उसके खंड) के लिए शुल्क पांच रुपए ।
5	धारा 7 की उपधारा (5) के तहत सूचना प्रदान करने के लिए शुल्क, उपयुक्त रसीद लेकर नकद या सार्वजनिक प्राधिकरण के लेखा अधिकारी को देय मांग-ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक द्वारा निम्नलिखित दरों पर देना होगाः
(क)	डिस्केट या फ्लापी में सूचना उपलब्ध कराने के लिए प्रति डिस्केट या फ्लापी **50 रुपए** और
(ख)	मुद्रित रूप में सूचना उपलब्ध कराने के लिए, ऐसे प्रकाशन के लिए निश्चित मूल्य पर अथवा प्रकाशन से उद्धरण के लिए फोटोकापी के लिए दो रुपए प्रति पृष्ठ ।

18.23: यथार्थ सूचना आवेदन को कैसे लिखें - कुछ सुझाव

नाम, आवेदक का पता, योजना/कार्यक्रम का नाम/अपेक्षित सूचना का ब्यौरा, नकद या इलेक्ट्रानिक भुगतान प्रणाली के माध्यम से, जैसे भी हो, जमा किए गए निर्धारित शुल्कों के ब्यौरे का विशेष रूप से उल्लेख करें ।

18.24 सूचना की अस्वीकृति के मामले में नागरिक के अधिकार और अपील करने की विधिः

सूचना की अस्वीकृति/केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारियों के निर्णय से अपकृत कोई व्यक्ति अपीलीय प्राधिकारियों को अपील कर सकता है जैसा कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 के तहत उल्लेख है । अपर सचिव (सा.न्या.और अधि.) कमरा सं. 616, 'ए'विंग, शास्त्री भवन (टेलि. सं. 23384259) मुख्य मंत्रालय के लिए अपीलीय प्राधिकारी हैं ।

शब्द संक्षेप

एडिप	विकलांग व्यक्तियों को सहायक यंत्र/उपकरण खरीदने/लगाने के लिए सहायता
एलिम्को	भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम
अपिओ	सहायक लोक सूचना अधिकारी
बीपीएल	गरीबी की रेखा के नीचे
कारा	केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसी
सीसीसी	केन्द्रीय समन्वय समिति
सीसीडी	निःशक्त व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त
सीडीएन	समन्वय
सीईसी	केन्द्रीय कार्यकारी समिति
सीएलएम	भाषाई अल्पसंख्यक आयुक्त
सीपीएल	वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस
सीआरसी	संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र
सीआरआर	केन्द्रीय पुनर्वास केन्द्र
सीवीओ	केन्द्रीय सतर्कता अधिकारी
सीडब्ल्यू	बाल कल्याण
सीडब्ल्यूसी	केन्द्रीय वक्फ परिषद
डीडी	विकलांगता प्रभाग
डीडीआरसी	जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र
डीडीआरएस	दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना
डीकेएस	दरगाह ख्वाजा साहेब
डीओपीटी	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
डीपी	नशीले पदार्थ दुरुपयोग निवारण
डीआरसी	जिला पुनर्वास केन्द्र
इबीसी	आर्थिक रूप से पिछ्डा वर्ग
इसी	कार्यकारी परिषद
एफडीआर	नियत जमा प्राप्तियां
एफआईएन	वित्त
फीनगोडप	नशीले पदार्थ दुरुपयोग संबंधी भारतीय गैर सरकारी संगठन परिसंघ
जीसी	साधारण परिषद
आईएफ	आंतरिक वित्त

आईपीएच	विकलांग जन संस्थान
आईएसआईसी	भारतीय मेरूदंड क्षति केन्द्र
आईटीआई	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
एलडीसी	अवर श्रेणी लिपिक
एमएंडबीसी	मौलाना आज़ाद शिक्षा प्रतिष्ठान
एमसी	मानिटरिंग सैल
नाको	राष्ट्रीय एडस नियंत्रण संगठन
एनबीसीएफडीसी	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम
एनसीबीसी	राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
एनसीएम	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
एनसीओपी	राष्ट्रीय वृद्धजन परिषद
एनसीआरएलएम	राष्ट्रीय धार्मिक तथा भाषाई अल्पसंख्यक आयोग
एनसीएससी	राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
एनसीएसके	राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग
एनएफपीडी	निःशक्त व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय कोष
एनजीओ	गैर-सरकारी संगठन
एनएचएफडीसी	राष्ट्रीय विकलांग वित्त और विकास निगम
एनआई	राष्ट्रीय संस्थान
एनआईईपीएमडी	राष्ट्रीय निःशक्त व्यक्ति सशक्तिकरण संस्थान
एनआईएचएच	राष्ट्रीय श्रवण विकलांग संस्थान
एनआईएमएच	राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान
एनआईओएच	राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान
एनआईपीओटी	राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक तथा आर्थोटिक संस्थान
एनआईआरटीएआर	राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान
एनआईएसडी	राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान
एनआईवीएच	राष्ट्रीय दृष्टिबाधित संस्थान
एनएमएफडीसी	राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वित्त और विकास निगम
एनओएस	राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति
एनपीओपी	वृद्धजनों के लिए राष्ट्रीय नीति
एनएसएफडीसी	राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम
एनएसकेएफडीसी	राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त और विकास निगम
एनएसएस	राष्ट्रीय सेवा योजना
एनवाईकेएस	नेहरु युवक केन्द्र संगठन
ओबीसी	अन्य पिछड़ा वर्ग
ओएल	राजभाषा

पीएंडएओ	वेतन एवं लेखा अधिकारी
पीसीआर	सिविल अधिकार संरक्षण
पीआईओ	लोक सूचना अधिकारी
पीओए	अत्याचार निवारण
प्रेम	योजना, अनुसंधान, मूल्यांकन और मॉनिटरिंग
पीआरआई	पंचायती राज संस्था
पीआरओ	जन संपर्क अधिकारी
पीडब्ल्यूडी	लोक निर्माण विभाग
आरएसी	अनुसंधान सलाहकार समिति
आरसीआई	भारतीय पुनर्वास परिषद
आरआई	रिपोर्ट कार्यान्वयन
आरएल	सूचियों में संशोधन (अनुसूचित जातियों की)
आरआरटीसी	क्षेत्रीय संसाधन तथा प्रशिक्षण केन्द्र
आरएसआइसी	क्षेत्रीय मेरुदंड क्षति केन्द्र
आरटीआई	सूचना का अधिकार
एससी	अनुसूचित जाति
एससीए	राज्य माध्यम एजेंसी
एससीडी	अनुसूचित जाति विकास
एससीडीसी	राज्य अनुसूचित जाति विकास निगम
एससीपी	विशेष संघटक योजना
एसडी	समाज रक्षा
एसजेएंडई	सामाजिक न्याय और अधिकारिता
एसटी	अनुसूचित जनजाति
यूडीसी	उच्च श्रेणी लिपिक
यूएनओडीसी	नशीले पदार्थ तथा अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय
डब्ल्यूसीडी	महिला एवं बाल विकास